राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद, दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मेरठ, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बरेली व लखनऊ आदि जनपदों में प्रसारित

# दैनिक बुलन्द संदेश

हिन्दी समाचार पत्र

केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

R.N.I No. UPHIN/2013/57267

आपकी आवाज करे बुलन्द

गाजियाबाद, गुरुवार 13 मार्च 2025 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्षः 12 अंकः 06, मूल्यः 2 रुपये, पृष्ठ -12

## एक नजर

### मुल्क से मोहब्बत करना भी ईमान का आधा हिस्सा है



ममदूद आलम वारसी

आने वाली 14 मार्च का दिन होली का दिन है और जुमा भी रमजान का मुबारक महीना भी चल रहा है लिहाजा एक मुसलमान होने के नाते मैं सभी मुसलमानों से अपील करता हूं कि अगर गलती से होली का रंग आप पर पड़ जाऐ तो बगैर बुरा मानें मुस्कुराकर होली की मुबारकबाद देकर आगे बढ़ जाना।

अगर जानबूझकर भी आप पर कोई रंग डाल दे तो आप अपनें आका सल्ललाहो अलैहिवसल्लम का तसव्वुर करना क्योकि आप उस नबी के गुलाम हैं जिन पर रोज कूड़ा डालनें वाली औरत जब एक रोज कूड़ा न डाला तो आप उसकी खैरियत लेनें घर पहुंच गये। उसे बीमार देखकर आपनें उसकी खिदमत की और अपनें हुस्नें इखलाक से अपना असीर बना लिया रंग पड़ जानें से न तो आपका ईमान खराब हो सकता है और न ही आपकी जिन्दगी तो माहौल को खुशगवार रखनें के लिए इस बात पर गौर कीजिएगा। भारत के तमाम अमन पसंद मुस्लिम से अपील है कि  हर मुस्लिम अपने गैर मुस्लिम भाई को यकीन दिलाए और अपने अमल से साबित करे। इस्लाम में नफरत की गुंजाइश नहीं है दूसरे की खुशी के लिए दुख बरदाश्त करना ही इस्लाम है।  तमाम तबको खासकर मुसलमानों से होली के दिन संयम और अमन बनाए रखे, गैरजरूरी तौर पर बाहर निकलने से बचें और किसी भी फितने या गलतफहमी का कारण न बनें ।

# संभल जामा मस्जिद में रंगाई-पुताई की इजाजत, जानें इलाहाबाद हाई कोर्ट ने क्या कहा

**प्रयागराज ( आरएनएस )।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने संभल की शाही जामा मस्जिद की कमेटी को मस्जिद की बाहरी दीवारों पर रंगाई-पुताई करने की अनुमति दे दी है। कोर्ट ने मस्जिद कमेटी की अर्जी को आंशिक रूप से स्वीकार करते हुए यह आदेश दिया कि रंगाई-पुताई सिर्फ मस्जिद की बाहरी दीवारों पर ही की जा सकती है।



इसके अलावा, हाईकोर्ट ने कहा कि बाहरी दीवारों पर लाइटिंग भी लगाई जा सकती है, लेकिन यह काम किसी भी ढांचे को नुकसान पहुंचाए बिना किया जाना चाहिए।

मस्जिद कमेटी ने यह याचिका इलाहाबाद हाईकोर्ट में दाखिल की थी, जिसमें उन्होंने रंगाई-पुताई कराने की अनुमति मांगी थी। जस्टिस रोहित रंजन अग्रवाल की सिंगल बेंच ने एक सप्ताह के भीतर इस कार्य को कराने का आदेश दिया और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को इसे सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। यह आदेश इस तर्क पर आधारित है कि मस्जिद की बाहरी दीवारों का सौंदर्यीकरण किया जा सकता है, बशर्ते इसमें कोई संरचनात्मक बदलाव न किया जाए या किसी ऐतिहासिक ढांचे को नुकसान न पहुंचे। इससे पहले इलाहाबाद हाई कोर्ट ने मस्जिद की रंगाई-पुताई करने की इजाजत देने से इनकार कर दिया था। जामा मस्जिद मामले में मुस्लिम पक्ष ने रंगाई-पुताई की मांग की थी। दरअसल, मस्जिद कमेटी की तरफ से इलाहाबाद हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की गई थी। इस याचिका में उन्होंने मस्जिद में रंगाई-पुताई कराने की इजाजत मांगी थी, जिस पर हाई कोर्ट ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) से रिपोर्ट पेश करने को कहा था।

## पत्रकारों की गिरफ्तारी पर केटीआर ने राहुल गांधी से पूछा, 'क्या यही आपकी मोहब्बत की दुकान है

**हैदराबाद ( आरएनएस )।** बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष और विधायक केटी रामा राव (केटीआर) ने हैदराबाद में दो पत्रकारों की गिरफ्तारी की निंदा करते हुए बुधवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधा। पुलिस ने बुधवार सुबह पत्रकार रेवती और उनकी सहकर्मी तन्वी यादव को गिरफ्तार किया है। उन्होंने कांग्रेस शासन में अपनी कठिनाइयों के बारे में बात करने वाले एक किसान का वीडियो पोस्ट किया था।



केटीआर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, क्या यही आपकी 'मोहब्बत की दुकान है राहुल गांधी जी? सुबह-सुबह दो महिला पत्रकारों को गिरफ्तार करना! उनका अपराध क्या है? अक्षम और भ्रष्ट कांग्रेस सरकार के खिलाफ जनता की राय को आवाज देना। पिछली बार जब मैंने देखा था, तो पाया था कि भारत का संविधान, जिसे आप नियमित रूप से पढ़ते हैं, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का समर्थन करता है। इससे पहले केटीआर ने एक पोस्ट में कहा था, मैं वरिष्ठ महिला पत्रकार रेवती की गिरफ्तारी की निंदा करता हूं। सुबह 5 बजे घर पर छापा मारना और पत्रकार रेवती की अवैध गिरफ्तारी राज्य में चल रहे आपातकाल-शैली के शासन का प्रमाण है।

उन्होंने कहा था, साथ ही युवा पत्रकार तन्वी यादव की गिरफ्तारी भी बेहद निंदनीय है। एक किसान ने कांग्रेस सरकार में अपनी परेशानियों को बताया, तो उसका वीडियो पोस्ट करने वाले पत्रकारों को गिरफ्तार कर लिया गया। यह गिरफ्तारी सरकार के प्रतिबंधात्मक शासन की पराकाष्ठा है। सार्वजनिक शासन के तहत मीडिया की कोई स्वतंत्रता नहीं है! क्या यही वह संवैधानिक नियम है जिसकी बात राहुल गांधी कर रहे हैं? सरकार की नाकामियों को छिपाने के लिए मीडिया और सोशल मीडिया की आवाज दबाने वाली इन कार्रवाइयों और गैरकानूनी मुकदमों को रेवंत रेड्डी सरकार को तुरंत रोकना चाहिए।

# होली से पहले मुख्यमंत्री योगी ने 1.86 करोड़ परिवारों को दिया तोहफा

**लखनऊ ( आरएनएस )।** होली के ठीक पहले बुधवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत राज्य के 1.86 करोड़ पात्र परिवारों को गैस सिलेंडर रिफिल के लिए 1,890 करोड़ रुपए की सब्सिडी वितरित की। इस योजना का शुभारंभ लखनऊ के लोकभवन सभागार में सीएम योगी ने किया। इस दौरान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए प्रदेश के सभी जिलों के प्रभारी मंत्रियों ने भी हिस्सा लिया।



मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले जहां गैस कनेक्शन के लिए घूस देना पड़ता था, अब यह सुविधा देश में 10 करोड़ परिवारों को फ्री में उपलब्ध कराई गई है। इसके साथ ही होली और दीपावली पर गैस सिलेंडर भी मुफ्त दिया जा रहा है। इस बार होली और रमजान एक साथ हैं, तो सभी लोगों को इस योजना का फायदा मिलेगा। उज्ज्वला योजना को 2016 में शुरू किया गया था, जिसके तहत देश भर में 10 करोड़ परिवारों को मुफ्त रसोई गैस कनेक्शन मिले। उत्तर प्रदेश में करीब 2 करोड़ लोग योजना से लाभान्वित हुए हैं। उन्होंने कहा कि 2021 के चुनाव में हमने वादा किया था कि 2022 में सरकार बनने पर होली और दीपावली पर मुफ्त गैस सिलेंडर दिया जाएगा। उस समय से हर साल यह योजना चल रही है ताकि लोग पर्व और त्योहार अच्छे से मना सकें। इस बार होली और रमजान दोनों साथ हैं, इसलिए सभी को इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने पुराने दिनों को याद करते हुए कहा कि पहले एक गैस कनेक्शन के लिए 25-30 हजार रुपए की घूस देनी पड़ती थी और त्योहारों पर सिलेंडर भी नहीं मिल पाते थे। यह योजना गरीब माताओं को धुएं से बचाने के लिए शुरू की गई है और इसमें किसी के साथ भेदभाव नहीं किया जा रहा। यूपी में 80 हजार राशन डीलर 3 करोड़ 60 लाख राशन कार्डधारकों के जरिए 15 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन बांट रहे हैं। 2017 में ई-पॉश मशीनों के जरिए राशन वितरण में पारदर्शिता लाई गई, जिससे कालाबाजारी पर रोक लगी। कोविड काल में जब लोग परेशान थे, तब से लगातार पांच साल हो गए, हर महीने देश में 80 करोड़ लोगों और यूपी में 15 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन दिया जा रहा है।

सीएम योगी ने कहा कि सरकार गरीबों, किसानों और बेटियों के कल्याण के लिए संकल्प के साथ काम कर रही है। प्रदेश में अब तक 22 लाख बेटियों को पढ़ाई के लिए प्रति बेटी 25 हजार रुपए की सहायता दी जा रही है, जबकि 4 लाख बेटियों की शादी मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत कराई गई है। अप्रैल से बेटियों की शादी के लिए 1 लाख रुपए की सहायता दी जाएगी। वहीं, बोर्ड परीक्षाओं के रिजल्ट आने के बाद मेधावी बेटियों को स्कूटी और कामकाजी महिलाओं को अहिल्याबाई होल्कर के नाम पर आवासीय सुविधा भी मुहैया कराई जाएगी।











# आप सभी को होली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

प्रस्तुतिः- मयंक सक्सैना 'तहसील प्रभारी'

## रंगो के त्यौहार होली की हार्दिक शुभकामनाएं



भारतगैस
बनाइये खाना, परोसिये प्यार

5 साल में एक बार सुरक्षा पाईप जरूर बदलवायें।

प्रो. तनुजा सिंह

शुभाकांक्षी- करतार भारत गैस
बहजोई रोड, चन्दौसी 9990455795, 9319108927

## आप सभी को होली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



CHANDAUSI PUBLIC SCHOOL
AN ENGLISH MEDIUM CO-EDUCATIONA SCHOOL
NURSERY to VIII
CPS



LATE AJIT KUMAR SINGH
Founder
Sangam Vihar, Bahjoi Road, Chandausi
Contact No.: 9758456789
VIKRAM SINGH

## समस्त नगरवासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं

क्षमावाणी ट्रेडर्स



शुभाकांक्षी-
अजय नायक
आवास विकास, चन्दौसी Mob. 6396408902

## होली

की आप सभी नगरवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



कुंवर विक्रम सिंह
उपाध्यक्ष भारत विकास परिषद्
आर.एस. इण्टर कॉलेज के सामने, चन्दौसी मो० 9897488364

## समस्त नगरवासियों को होली की हार्दिक बधाई





उमेश सैनी
9456815074

आवास विकास, चन्दौसी

सभासद, वार्ड नं. 13
शिव कुमार सैनी
9927538662

## समस्त नगरवासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं

SAI EXCELLENT COACHING

| | | | |
|---|---|---|---|
| SSC | Railway | Bank | Police |
| UPSSSC | Army | TET | CTET |
| S. TET | UGC-NET | Force | Lekhpal |



शैक्षिक सलाहकार
एस.एन. शर्मा
Awas Vikas, Chandausi M. 9758771971, 9634577701

## समस्त नगरवासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं





मनोज
ग्राम सचिव मौलागढ़
9927186376

विजय सिंह
ग्राम प्रधान मौलागढ़
8218153886

## होली की समस्त नगरवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



महेश सिंह
ग्राम सचिव करेली
7302183326

नज़ाकत अली
ग्राम प्रधान करेली
9811278609

## समस्त नगरवासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं





रामकुंवर
ग्राम सचिव बुद्धनगर खण्डुआ
8077281678

भगवान देई
ग्राम प्रधान बुद्धनगर खण्डुआ
9639203275

## होली की हार्दिक शुभकामनाएं

ANKUSH TAEKWONDO ACADEMY
सुभाष रोड, चन्दौसी
9720730744, 7536051540

## St. THOMAS PUBLIC SCHOOL

ADMISSION OPEN
प्रगति विहार कॉलोनी, निकट साई मन्दिर, चन्दौसी
Mob. 9358949474, 9720151362

## होली की समस्त नगरवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



सिद्धार्थ पाराशरी
ग्राम सचिव रहौली
8447301170

अमित पाठक
ग्राम प्रधान रहौली
8077961650

## होली की हार्दिक शुभकामनाएं

प्रोपर्टी खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।



अतुल अग्रवाल
9412137390

## आप सभी नगरवासियों को होली की हार्दिक बधाई



रजत यादव
युवा प्रदेश सचिव, उ.प्र.
भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत
9675759996



हापुड़ बार एसोसिएशन की
ओर से
सभी जनपदवासियों को
रंगो का त्यौहार होली
की हार्दिक शुभकामनाएं
सचिव
वीरेन्द्र सैनी
अध्यक्ष
संजय कंसल




सभी प्रदेश व जनपद वासियों को
रंगो का त्यौहार
होली
की हार्दिक शुभकामनाएं
विजय कुमार गर्ग
प्रधानाचार्य
एस.एस.वी. इंटर कालेज
हापुड़, जिला हापुड़




सभी जनपदवासियों व व्यापारियों को
रंगो का त्यौहार
होली
की हार्दिक शुभकामनाएं
अनिल कुमार गुप्ता
प्रमुख समाजसेवी व कारोबारी
M. : 9897130544




सभी प्रदेश व जनपद वासियों को
रंगो का त्यौहार
होली
की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रवेश रानी
बैंक डायरेक्टर
जिला सहकारी बैंक लिमिटेड
गाजियाबाद
योगेश सैनी
ब्लॉक उपाध्यक्ष, हापुड़
उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ
हापुड़




उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल
(पूर्व मा0) शिक्षक संघ की ओर से
सभी प्रदेश व जनपदवासियों को
रंगो का त्यौहार होली
की हार्दिक शुभकामनाएं
राजेन्द्र यादव
जिला अध्यक्ष
सतेन्द्र शिशोदिया
जिला महामन्त्री




STOP CHILD LABOUR
सभी जनपद वासियों को
रंगो का त्यौहार
होली
की हार्दिक शुभकामनाएं
सर्वेश कुमारी
सहायक श्रमायुक्त
जनपद-हापुड़




रंगो का त्यौहार
होली
की हार्दिक शुभकामनाएं
जनार्दन सैनी, ब्यूरो चीफ हापुड़




"मेरी विधान सभा मेरा परिवार"
मिशन 2027
विधान सभा क्षेत्र हापुड़ - 59
सभी जनपदवासियों को
रंगो का त्यौहार
होली व ईद उल फितर
की दिली मुबारकबाद
ललित सिंह
प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य




WISH YOU A VERY
Happy Holi
merino
ECONOMY • EXCELLENCE • ETHICS
AB SHARARAT PE HOGA NO OBJECTION.
Kyunki furniture ko milega Beautifully Strong protection.
Nobody cares about your furniture like you do. So, protect your home with Merino Laminates that keep your furniture beautifully strong.
Scratch Resistant
Impact Resistant
Stain Resistant
Dry Heat Resistant
Moisture Resistant
Explore the wide range of beautiful and durable laminates with 400+ designs, 40+ finishes, and 10 different sizes.
MERINOLAM
DECORATIVE LAMINATES
Beautifully Strong
Delhi Address:
MERINO INDUSTRIES LTD.
2/14, W.H.S. 2nd Floor, Kirti Nagar, New Delhi-110015
Ph: 011-30515300, 47515300, E-mail: merinopg@merinoindia.com
No animals harmed during making of this advertisement & it depicts normal domestic & home situations.
Product durability is subject to T&C. Visit: www.merinolaminates.com/disc.aspx




ॐ धन्वतराये नमः
ॐ नमः शिवाय
ॐ धन्वतराये नमः
वैद्य धनीराम शर्मा स्मृति
योग, प्राकृतिक एवं पंचकर्मा औषधालय
स्नेहन (मसाज)
स्वेदन (स्टीम)
वमन
Virechan
विरेचन
Basti
बस्ती
Nasya
नस्य
रक्त मोक्षण
ग्रीवा बस्ती
कटि बस्ती
पृष्ठ बस्ती
नाभी बस्ती
हृदय बस्ती
जानू बस्ती
सूखी पोटली
षष्टिका शाली पिंड स्वेद
पत्र पिंड स्वेद
पादाभ्यंग
नाड़ी स्वेद
उदावर्तन
नेत्र तर्पण
शिरोधारा
शिरोबस्ती
हर्बल फेशियल
फेस स्टीम
सर्वांग धारा
सभी जनपद वासियों को
रंगो का त्यौहार
होली
की हार्दिक शुभकामनाएं
पं वैद्य वरुण शर्मा
प्रबन्धक :
वैद्य धनीराम शर्मा स्मृति औषधालय
अध्यक्ष :
परशुराम जन सेवा समिति हापुड़
पं वैद्य करुण शर्मा
सह प्रबन्धक :
वैद्य धनीराम शर्मा स्मृति औषधालय
नगर अध्यक्ष :
अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा
हापुड़

# डबल इंजन की सरकार का होली पर खुशियों का उपहार, लाभार्थियों को मिला योजना का लाभः सुनील कुमार शर्मा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियबाद (आशा चौधरी )**। होली पर खुशियों का उपहार डबल इंजन की सरकार, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अन्तर्गत रुपए 1,890 करोड़ की धनराशि से उत्तर प्रदेश के 1.86 करोड़ पात्र परिवारों को गैस सिलेन्डर रिफिल सब्सिडी का वितरण श्री योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा ब्रजेश पाठक उप मुख्यमंत्री, सुरेश कुमार खन्ना मंत्री वित्त एवं संसदीय कार्य, सतीश चन्द्र शर्मा राज्यमंत्री खाद्य एवं रसद एवं नागरिक आपूर्ति सहित अन्य महानुभावों की गरिमामयी उपस्थित में लोक भवन सभागार, लखनऊ में सम्पन्न हुआ, जिसका सजीव प्रसारण दुर्गावती देवी सभागार, विकास भवन में माननीय मुख्य अतिथि सुनील कुमार शर्मा केबिनेट मंत्री, सदर विधायक संजीव शर्मा, जिलाधिकारी दीपक मीणा, सीडीओ अभिनव गोपाल, गाजियाबाद सांसद प्रतिनिधि राजेन्द्र मित्तल सहित अन्य महानुभावों की उपस्थित में देखा गया।

कैबिनेट मंत्री के विकास भवन पहुंचने पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर देकर सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी द्वारा उन्हें पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। सजीव प्रसारण के उपरान्त कैबिनेट मंत्री सुनील कुमार शर्मा ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि मोदी व योगी द्वारा दिये गये नारे 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' 'सबका साथ-सबका विकास' के तहत डबल इंजन की कार्य कर रही है। डबल इंजन की सरकार ने गरीबों को पीड़ा देखते हुए गरीबों के हित में अनेक योजना लाते हुए पात्र लाभार्थियो को उनका लाभ पहुंचाया है। इसी के साथ माता-बहनों की रसोई से सम्बंधित आने वाली परेशानियों को देखते हुए 'प्रधानमंत्री उज्जवला योजना' के मद्देनजर होली का उपहार के रूप में पात्र लाभार्थियो को एक-एक सिलेण्डर रिफिल सब्सिडी वितरित किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान 10 लाभार्थियों को मौके पर सिलेण्डर व सब्सिडी का प्रतीकात्मक चैक व सिलेण्डर वितरित किया गया। साथ ही सभी पात्र लाभार्थियों से अनुरोध किया गया कि वे अपनी ई-केवाईसी पूर्ण कराकर गैस वितरक एजेन्सी से अपना सिलेण्डर रिफिल सब्सिडी प्राप्त कर सकते हैं।



**प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना**

जिला आपूर्ति अधिकारी अमित कुमार ने बताया कि जनपद में 96 गैस एजेंसियां विद्यमान हैं। जनपद में कुल 106242 उज्ज्वला लाभार्थी के गैस कनेक्शन प्रचलित हैं जिनमें से कुल 67749 लाभार्थियों द्वारा अपने कनेक्शन में ई-केवाईसी करा ली गयी हैं।

दीवाली के अवसर पर प्रथम निःशुल्क सिलेण्डर प्राप्त करने वाले लाभार्थियों की संख्या 52016 हैं। प्रदेश सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 से 02 मुख्य त्योहारों दीपावली एवं होली पर निःशुल्क एल०पी०जी० रिफिल का प्राविधान किया गया। जिसमें 01 अक्टूबर से 31 दिसम्बर तक प्रथम चरण तथा 01 जनवरी से 31 मार्च तक द्वितीय चरण वितरण हेतु नियत किया गया है। इस योजनान्तर्गत लाभार्थियों को वित्तीय वर्ष 2024-25 के प्रथम चरण में माह अक्टूबर 2024 से दिसम्बर 2024 तक किया तथा द्वितीय चरण में जनवरी 2025 से मार्च 2025 तक निःशुल्क सिलेण्डर प्रदान किया जाएगा। बैठक में जिला पूर्ति अधिकारी अमि?त कुमार, जिला सूचना अधिकारी योगेन्द्र प्रताप सिंह, आईओसी उज्ज्वला नोडल दीपनाथ , एचपी से अमित, आईओसी से नमन सहित सम्बंधित अधिकारी व बड़ी संख्या में लाभार्थी उपस्थित रहे।

## 3 माह के बच्चे की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**दादरी** । कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत म्यु 2 सेक्टर में रहने वाले 3 माह के बच्चे की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस पैनी नजर बनाए हुई है।दादरी कोतवाली प्रभारी अरविंद कुमार ने बताया कि 3 महीने के बच्चे की दूध पीने के बाद अचानक तबीयत खराब हो गई। उसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया।

जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। बच्चे के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारण का पता चल पाएगा।

## विभिन्न सड़क हादसों में दो लोगों की मौत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**ग्रेटर नोएडा**। नोएडा में विभिन्न जगहों पर हुए विभिन्न सड़क हादसों में बुधवार को दो लोगों की मौत हो गई है। थाना सेक्टर 63 के प्रभारी अवधेश प्रताप सिंह ने बताया कि आज सुबह को दिनेश कुमार यादव पुत्र चंद्रपाल यादव उम्र 35 वर्ष मूल निवासी ग्राम सफाबाद सेक्टर 63 के छीजारसी के पास नेशनल हाईवे पर पैदल चलकर ऑटो रिक्शा में बैठने जा रहे थे।तभी एक अज्ञात ट्रक चालक ने तेजी और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उन्हें टक्कर मार दिया। उन्होंने बताया कि इस घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए नोएडा के जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया। उपचार के दौरान अस्पताल में उनकी मौत हो गई है। उन्होंने बताया कि थाना सेक्टर 63 पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।थाना सेक्टर 39 के प्रभारी जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि 5 मार्च को अनिल उम्र 39 वर्ष बाइक पर सवार होकर बोडा महादेव मंदिर के पास से गुजर रहे थे, तभी उनकी बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। उन्हें उपचार के लिए नोएडा के सेक्टर 50 स्थित नियो अस्पताल में भर्ती करवाया गया था, उपचार के दौरान आज सुबह को उनकी मौत हो गई है। उन्होंने बताया कि थाना सेक्टर 39 पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## नोएडा प्राधिकरण की जमीन पर अवैध निर्माण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**ग्रेटर नोएडा**। थाना सेक्टर 113 में नोएडा विकास प्राधिकरण के सहायक प्रबंधक ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि सेक्टर 79 में सलारपुर गांव के विभिन्न खसरा नंबर पर कुछ लोग अवैध रूप से निर्माण कर रहे हैं। यह जमीन नोएडा प्राधिकरण द्वारा अर्जित व कब्जा प्राप्त है।थाना सेक्टर 113 के प्रभारी ने बताया कि बीती रात को नोएडा प्राधिकरण के सहायक प्रबंधक विनोद कुमार शर्मा ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि सेक्टर 79 में ग्राम सलारपुर के खसरा संख्या 23, 24 ,25, 26, 27, 28,48 व 49 की भूमि पर संजीव चौधरी और अन्य लोग अवैध रूप से कब्जा कर रहे हैं। पीड़ित के अनुसार ये लोग वहां पर अवैध निर्माण कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि पीड़ित के अनुसार या जमीन नोएडा प्राधिकरण की अर्जित और कब्जा प्राप्त जमीन है। उन्होंने बताया कि पीड़ित के अनुसार कई बार अवैध निर्माण को रोका गया लेकिन ये लोग देर सवेर काम को जारी रखे हुए हैं।

## सोशल मीडिया पर दोस्ती करके नर्स को बनाया हवस का शिकार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**ग्रेटर नोएडा** । थाना सेक्टर 20 में एक नर्स ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि एक व्यक्ति से उसकी सोशल मीडिया के माध्यम से कुछ समय पूर्व दोस्ती हुई तथा उसके साथ उसके शारीरिक संबंध बने। युवती के अनुसार वह उसे ब्लैकमेल करके अब तक लाखों रुपए ले चुका है। पीड़िता अनुसार उसकी शादी तय हो गई है। आरोपी उसकी शादी तुड़वाने की धमकी दे रहा है।थाना सेक्टर 20 के प्रभारी डीपी शुक्ल ने बताया कि निठारी गांव में रहने वाली एक युवती ने बीती रात को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह दिल्ली स्थित एम्स अस्पताल में नर्सिंग ऑफिसर के पद पर कार्य कर रही है। पीड़िता के अनुसार वर्ष 2023 में इंस्टाग्राम के माध्यम से उसकी दोस्ती सुमित दिवाकर के साथ हुई। वह मूल रूप से जनपद बरेली का रहने वाला है। नर्स के अनुसार कुछ मुलाकाते उसकी एम्स के कैंपस व कुछ दिल्ली के अन्य स्थानों पर हुई। दोनों में अच्छी मित्रता हो गई तथा शारीरिक संबंध बना। पीड़िता के अनुसार उसने कभी भी सुमित से शादी का वायदा नहीं किया।

जब उसको महसूस हुआ कि सुमित अच्छे स्वभाव का लड़का नहीं है वह केवल उसकी सरकारी नौकरी और अच्छी आय तथा अच्छा परिवार देखकर उसके साथ संबंध बना रहा है तो उसने उससे दूरी बना ली। पीड़िता के अनुसार उसने सुमित के साथ मिलना बंद कर दिया। इसके बाद सुमित उसके साथ अभद्र व्यवहार करने लगा।

पीड़िता के अनुसार वह उसके निठारी स्थित घर पर तथा एम्स में पहुंचकर उसे परेशान करने लगा।पीड़िता के कई बार विरोध किया, लेकिन वह नहीं माना। नर्स के अनुसार वह एक दिन उसका मोबाइल फोन छीनकर ले गया, तथा अगले दिन वापस किया। उसके अनुसार अगस्त माह 2024 में उसके घर वालों ने उसकी सगाई एक युवक के साथ कर दी। आरोपी उसके बाद आक्रोशित हो गया तथा उसने उसे धमकी दी, तथा कहा कि तेरी शादी तुड़वा दूंगा। पीड़िता के अनुसार आरोपी ने 5 लाख रुपए की मांग की। उसने उसे 5 लाख रुपए दे दिया। इसके अलावा भी वह उसे ब्लैकमेल करके उसका वेतन लेता रहा।

# प्रज्ञान पब्लिक स्कूल में होली मिलन समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**जेवर (इनामुलहक)**। प्रज्ञान पब्लिक स्कूल, जेवर में होली की पूर्व संध्या पर हर्षोल्लास से भरा होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। विद्यालय परिसर रंगों की खुशबू, संगीत की गूंज और आपसी सौहार्द के रंग में सराबोर हो उठा। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक डॉ. हरीश कुमार शर्मा, प्रधानाचार्या डॉ. दीप्ति शर्मा, कोषाध्यक्ष श्री अमोल कुमार शर्मा एवं सभी संकाय प्रभारीगण के द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन और सांस्कृतिक परंपराओं के निर्वहन के साथ हुआ।

इसके उपरांत सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने अबीर-गुलाल लगाकर एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएँ दीं और इस पावन पर्व की उल्लासमयी शुरूआत की। इस शुभ अवसर को और भी आनंदमय बनाने के लिए विद्यालय के विभिन्न संकाय विभागों के बीच समूह गीत, समूह नृत्य एवं थियेटर प्रस्तुति प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में सभी प्रतिभागियों ने अपनी कला और उत्साह का अद्भुत प्रदर्शन किया। इस अवसर पर प्राइमरी विंग, संगीत विभाग, जूनियर विंग एवं डे-बोर्डिंग विभाग ने नृत्य नाटिका प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। साथ ही पी.आई.एस. तथा आर.के. एकेडमी के शिक्षक- शिक्षिकाओं ने होली विशेष नृत्य प्रस्तुत कर इस पर्व के रंग में चार चाँद लगा दिए । इसके उपरांत ओपन फ्लोर डांस का आयोजन हुआ, जिसमें सभी शिक्षकों ने एक साथ होली के रंग में रंगकर उल्लास का अनुभव किया। पूरा वातावरण भक्ति और उमंग से ओत-प्रोत हो गया।

विद्यालय के प्रबंधक डॉ. हरीश कुमार शर्मा ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा कि होली केवल रंगों का नहीं, बल्कि नकारात्मक शक्तियों के दहन और सकारात्मकता को अपनाने का पर्व है। उन्होंने सभी को प्रेम, सद्भाव और भाईचारे का संदेश देते हुए होली की शुभकामनाएँ दीं।








प्रधानाचार्या डॉ. दीप्ति शर्मा ने होली के सांस्कृतिक एवं सामाजिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व हमें एकता, प्रेम और सौहार्द की सीख देता है। उन्होंने सभी को रंगों की तरह अपने जीवन को खुशियों से भरने की प्रेरणा देते हुए होली की शुभकामनाएँ दीं।

# मनमाने ढंग से चलाया जा रहा हैं नोएडा का सामुदायिक केंद्र

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**ग्रेटर नोएडा (अंशु चौहान)**। नोएडा शहर के सभी सेक्टरों में सामुदायिक केंद्र बनाए गए हैं। नोएडा के सामुदायिक केंद्रों में शहर के नागरिक विभिन्न प्रकार के सामाजिक आयोजन करते हैं। नोएडा के नागरिकों की सुविधाओं के लिए नोएडा प्राधिकरण सामुदायिक केंद्रों की देखरेख तथा रखरखाव का काम करता है। नोएडा के इन्हीं सामुदायिक केंद्रों में से एक सामुदायिक केंद्र के संचालक पर गंभीर आरोप लगे हैं।नोएडा शहर में सेक्टर 22 एक महत्वपूर्ण सेक्टर है नोएडा के सेक्टर 22 में एच ब्लॉक रेजिडेंस वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप बोहरा हैं। प्रदीप बोहरा ने नोएडा प्राधिकरण के उएड डॉक्टर लोकेश एम को एक पत्र लिखा है। नोएडा प्राधिकरण के उएड को लिखे गए पत्र में गंभीर आरोप लगाए गए हैं। इस पत्र में नोएडा के सेक्टर 22 के एफ ब्लॉक के समुदाय केंद्र के संचालन में मनमानी करने का आरोप लगाया गया है। पत्र में नोएडा सेक्टर 22 के एफ ब्लॉक के सामुदायिक केंद्र के संचालन को अवैध करार दिया गया है। नोएडा प्राधिकरण के उएड को लिखे पत्र में प्रदीप बोहरा ने अनेक मुद्दे उठाए हैं पत्र में लिखा गया है कि नोएडा प्राधिकरण ने सेक्टर 22 एफ ब्लॉक में स्थित सामुदायिक केंद्र को निजी संस्था ह्लआरडब्ल्यूए सेक्टर 22 को अनुज्ञा अनुबंध के आधार पर दिया हुआ हैह्व। किंतु इसका संचालन करने वाली आरडब्ल्यूए अनुज्ञा-अनुबंध की शर्तों में अनियमिताएं बरत रहा है। इसके लिए वर्ष 2022 में मैंने आरटीआई के माध्यम से नोएडा प्राधिकरण से जानकारी मांगी थी। जब प्राधिकरण के फाइनेंस कंट्रोलर और आरटीआई प्रमुख श्रीमान स्वतंत्र कुमार जी ने मुझसे कहा था कि यदि आप इनके द्वारा बरती जा रही अनियमताओं का कोई साक्ष्य देंगे तो हम इनके विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई करेंगे और इनसे वारात घर भी वापस ले सकते हैं। अब मैं आपके समक्ष इनके द्वारा बरती गई एक अमानवीय अनियमिता की जानकारी देना चाहता हूं। वर्ष 2024 जुलाई महीने में एफ ब्लॉक में रहने वाले निवासी श्रीमान के.पी भट्ट जी के पिता का देहांत हो गया जिनकी ह्लतेरहवींह्व कार्यक्रम करने के लिए इन्होंने इस सामुदायिक केंद्र के संचालक से अनुरोध किया। तेरहवीं कार्य के लिए संचालकों ने इस सामुदायिक केंद्र में 8 घंटे के लिए श्रीमान भट्ट जी से 5667 रुपये लिए।जबकि नोएडा प्राधिकरण और इस सामुदायिक केंद्र के बीच हुए अनुज्ञा-अनुबंध के कालम संख्या ह्यख (8)ह्ल के अनुसार ह्लशोक सभा के लिए आरक्षण निशुल्क किए जाने का प्राविधान किया जाता हैह्व। और दूसरी अनियमता कालम ह्यकह्ल और ख (12 व 20) के अनुसार आरक्षण के मद में प्राप्त धनराशि का उपयोग केवल सामुदायिक केंद्र के अनुरक्षण एवं रखरखाव पर ही खर्च किया जाएगा। सामुदायिक केंद्र के बिजली/पानी/सीवर खुले क्षेत्र का रखरखाव एवं अनुरक्षण तथा सफाई व्यवस्था आदि का दायित्व आरडब्ल्यूए का होगा। जबकि सत्यता यह है कि इस सामुदायिक केंद्र में बिजली/पानी/सीवर/ जल इत्यादि का रखरखाव प्राधिकरण के संबंधित विभागों से कराया जाता है। पत्र में मांग की गई है कि अनुज्ञा-अनुबंध में बरती जा रही लापरवाही को देखते हुए इस सामुदायिक केंद्र का अनुज्ञा-अनुबंध रद्द करके प्राधिकरण खुद ही इसे संचालित करें।




# बैठक के दौरान एक पक्ष ने किया चुनाव कमेटी का विरोध

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**ग्रेटर नोएडा (अंशु चौहान)**। ग्रेटर नोएडा वेस्ट की सोसायटियों में एओए को लेकर विवाद लगातार बढ़ते जा रहे हैं। इस कारण कई सोसायटी राजनीति का अखाड़ा बन गई है। विवाद में सोसायटियों में दो धड़े बन गए हैं। इस कारण किसी न किसी बात को लेकर सोसायटी में अक?सर विवाद होता रहता है। पंचशील हाइनिश सोसायटी में भी एओए चुनाव में चुनाव कमेटी को लेकर विवाद हुआ। बैठक के दौरान एक पक्ष ने चुनाव कमेटी के विरोध में हंगामा किया।सोसायटी के लोगों ने बताया कि एओए चुनाव के लिए चुनाव कमेटी बनाई गई है। आरोप है कि चुनाव कमेटी में एक पक्ष के लोगों को प्रमुखता दी गई है। इस कारण धांधली होने का अंदेशा है। बैठक में बड़ी संख्या में पहुंचे सोसायटी के लोगों ने इस पर विरोध किया। इस कारण बैठक बीच में ही समाप्त हो गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को शांत कराया। कुछ लोगों ने घटना का वीड़ियो बनाकर सोशल मीड़िया पर वायरल कर दिया।



# होली मिलन समारोह में सभी पूर्व सैनिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**जेवर (इनामुलहक)**। पूर्व सैनिक कल्याण समिति जेवर गौतम बुद्ध नगर के द्वारा आज दिनांक 12 मार्च 2025 को होली मिलन समारोह का आयोजन जेवर रामपुर रोड समिति के कार्यालय पर किया गया जिसमें सभी पूर्व सैनिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और बड़े ही धूमधाम और हर्षौल्लास के साथ होली मिलन समारोह मनाया गया] जिसमें निम्न पदाधिकारी मौजूद रहे। 1.भूदेव सिंह तोमर (अध्यक्ष) 2.इंद्रपाल सिंह (उपाध्यक्ष) 3. त्रिभुवन वशिष्ठ (मीडिया प्रभारी) 4.महेंद्र सिंह (कोषाध्यक्ष) 5.अरविंद सिंह (महासचिव) 6.चंद्रपाल सिंह 7.ओंकार सिंह 8.महेंद्र सिंह 9.रोहतास सिंह 10. दलबीर सिंह 11.रामबाबू शर्मा 12.विजेंद्र सिंह।





**समारोह**

## योग परिवार होली मंगल मिलन समारोह हर्षोल्लास से सम्पन्न

# भारतीय संस्कृति दान देकर,बाँट कर खाने में विश्वास करती है : योगी प्रवीण आर्य

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद**। अखिल भारतीय ध्यान योग संस्थान सन्त निवास कक्षा द्वारा योग परिवार होली मंगल मिलन समारोह फिजिकली एवं ऑनलाइन सन्त निवास,सीईएफ ब्लॉक,नेहरू नगर मे हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ। योगी प्रवीण आर्य ने ओ३म्‌ की ध्वनि एवं गायत्री मन्त्र से कार्यक्रम का शुभारंभ किया।उन्होंने होली के महत्व पर विस्तृत चर्चा करते हुए बताया कि होली मनाने का सही विधान,वसन्त ऋतु के नये अन्न को यज्ञ (हवन) में आहुति देकर ग्रहण करना है।क्योंकि भारतीय संस्कृति दान देकर,बाँट कर खाने में विश्वास करती है।उन्होंने साधकों को शुभ कामनायें एवं आशीर्वाद प्रदान करते हुए उनके सुखद एवं सफल जीवन की प्रभु से प्रार्थना की साथ ही एक गीत 'जो होली, सो होली, भुला दो उसे,आज मिलने मिलने का त्यौहार है' सुनाकर भावविभोर कर दिया। योग सत्र में योगाचार्य नेतराम ने धार्मिक गीतों पर एरोबिक्स का अभ्यास कराया,पश्चात शवासन में विश्राम कराया एवं होली के संदर्भ में अपने विचार रखे। होली मिलन समारोह के मुख्य अतिथि समाजसेवी योगी रामप्रकाश गुप्ता का पीतवस्त्र ओढ़ाकर एवं चंदन तिलक लगाकर अभिनंदन किया गया।उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि पर्व हमें आपस में जोड़े रखते हैं,होली मिलन का पर्व है इस दिन सब लोग एक दूसरे पर रंग व गुलाल डाल कर खुशी मनाते हैं,एक दूसरे के गले मिलते हैं,मिल बैठकर खाते हैं,इससे सब का आपसी मनोमालिन्य धुल जाता है।सब वैमनस्य दूर हो जाता है। योग शिक्षिका सुमन बंसल, मीनाक्षी अग्रवाल, विभा भारद्वाज, जोली शर्मा एवं भारती अग्रवाल आदि के प्रेरणादाई होली के गीतों पर सुन्दर नृत्य होली मिलन समारोह में आकर्षण का केन्द्र रहे। वरिष्ठ योग शिक्षिका वीना वोहरा ने होलिकोत्सव की सभी को हार्दिक बधाई देने के साथ उपस्थित सभी साधक साधिकाओं का आभार व्यक्त किया। मंच का कुशल संचालन कर रहे योगी प्रवीण आर्य ने कहा कि होली नवसस्येष्टि है (नव= नई,सस्य= फसल, इष्टि= यज्ञ) अर्थात नई फसल के आगमन पर किया जाने वाला यज्ञ है।इस समय आषाढ़ी की फसल में गेहूँ, जौ,चना आदि का आगमन होता है।इनके अधभुने दाने को संस्कृत में ह्यहोलकह्ल और हिन्दी में ह्यहोलाह्ल कहते हैं।लोग इन दिनों अध भूना अनाज खाते भी हैं।होलीह्ल और ह्यहोलकह्ल से ह्यहोलिकोत्सवह्ल शब्द बनता है।अतः होली के दिन हमें ईश्वर का नई फसल का भोजन देने के लिए घर में यज्ञ करना एवम्‌ नई फसल की आहुतियां देकर धन्यवाद करना चाहिए।अतः इसके लिए उन्होंने दैनिक अग्निहोत्र पुस्तक सभी साधकों को वितरित की।डॉ प्रमोद सक्सेना ने सुन्दर कार्यक्रम को देख प्रसन्नता व्यक्त की ओर आयोजकों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से श्रीमती प्रीति कश्यप, वीनस गोयल, दर्शना मेहता, वीना गुप्ता, शालिनी गौड़, उमा शर्मा,सीमा अग्रवाल, मालासिंह, उमा शर्मा,संजय खण्डेलवाल एवं सत्यम आदि उपस्थित रहे। शांतिपाठ,प्रसाद एवं दैनिक अग्निहोत्र पुस्तक ग्रहण कर साधक आपस में एक दूसरे को होली की बधाइयाँ देते हुए घरों को लोटे।



# पत्रकारों की सुरक्षा हेतु आयोग का गठन हो: मनवीर सिंह

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पूर्व सैनिक ने पत्रकार की हत्या को लेकर मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन**

**हापुड़।** उत्तर प्रदेश के जनपद सीतापुर में दैनिक समाचार पत्र के पत्रकार राघवेंद्र वाजपेयी की जघन्य हत्या के विरोध में बुधवार को पूर्व सैनिकों ने भारतीय पूर्व सैनिक संघ उत्तर प्रदेश के संयुक्त सचिव वारंट आफिसर मनबीर सिंह के नेतृत्व में मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। वारंट आफिसर मनबीर सिंह ने कहा कि पूर्व सैनिक पत्रकार की हत्या की घोर निंदा करते हैं,उनकी संवेदनाएं पीड़ित परिवार के साथ है। योगी सरकार में व्यक्ति जुर्म करने से पहले सौ बार सोचता है,ऐसे में पत्रकार की निर्मम हत्या,हत्यारों का दुस्साहस है। उनकी निम्न मांग है कि पीड़ित परिवार को सुरक्षा दी जाए,

पीड़ित परिवार को सर्वाधिक राशि देने के साथ ही परिवार के सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए,पत्रकारों की सुरक्षा हेतु आयोग का गठन हो जिसमें पत्रकारों का प्रतिनिधित्व हो,ग्रामीण अंचल के पत्रकारों की सुरक्षा हेतु विशेष प्रावधान हो व पीड़ित परिवार के बच्चों को निःशुल्क शिक्षा की व्यवस्था हो। इस अवसर पर केप्टन गोपीचंद,केप्टन राजेश चौधरी, हवलदार शाहिद अली,सूबेदार रतनपाल सूबेदार चंद्रवीर आदि मौजूद रहे।



# एसपी के नेतृत्व में पिलखुवा पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)।** आगामी त्योहार "होली व ईद" को सकुशल सम्पन्न कराए जाने व जनपद में कानून एवं शांति/सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत जनता में सुरक्षा का भाव जागृत करने के होली के अवसर पर सुरक्षा व शांति सुनिश्चित करने के लिए एसपी सहित अधिकारियों के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला। मार्च मारवाड़ पुलिस चौकी से प्रारंभ हुआ जिसमें पुलिस टीम ने शहर के मुख्य बाजारों, चौराहों, संवेदनशील इलाकों व घनी आबादी वाले क्षेत्रों का भ्रमण किया। इस दौरान एसपी ने बताया कि होली पर अराजक तत्वों, हुड़दंग, दुर्घटनाओं या कानून-व्यवस्था भंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने लोगों से सतर्क रहने और पुलिस को सहयोग देने की अपील की। फ्लैग मार्च का मुख्य उद्देश्य लोगों में सुरक्षा का विश्वास जगाना, गश्ती दृश्यता बढ़ाकर अपराधियों को चेतावनी देना और होली को शांतिपूर्वक मनाने के निर्देशों का प्रचार करना था। पुलिस ने दुकानदारों व युवाओं से संवाद कर शराब व नशीले पदार्थों के सेवन से बचने की सलाह दी। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि होली पर किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए पुलिस पूरी तरह तैयार है।









# हिमालयन एजुकेशन फेयर 2025 में एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी ने उत्साहपूर्वक भाग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)।** एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी ने हिमालयन एजुकेशन फेयर धनगढ़ी, नेपाल - 2025 में हिस्सा भाग

राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित सुंदर दीप ग्लोबल यनिवर्सिटी के छात्रों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। स्थित, धनगढ़ी, नेपाल - 9 और 10 मार्च 2025 को धनगढ़ी, नेपाल में आयोजित हिमालयन एजुकेशन फेयर 2025 में एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस शिक्षा मेले में स्कूल ऑफ होटल मैनेजमेंट एंड टूरिज्म के निदेशक डॉ. हरवीर सिंह और आउटरीच एडमिशन के निदेशक श्री देवेश भटनागर विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने लगभग 1500 नेपाली विद्यार्थियों को करियर मार्गदर्शन प्रदान किया, जो कि कक्षा 12 की परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं। उनकी परीक्षाएँ बैशाख 11, 2082 (24 अप्रैल 2025) से बैशाख 24, 2082 (7 मई 2025) तक आयोजित होने वाली हैं। इस शिक्षा मेले को छात्रों से शानदार प्रतिक्रिया मिली।





एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी, जो कि धनगढ़ी से मात्र 359 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है, विद्यार्थियों के लिए एक आकर्षक शैक्षणिक विकल्प बनकर उभरी। विश्वविद्यालय के अधिकारियों द्वारा किए गए परामर्श सत्रों से छात्रगण अत्यंत लाभान्वित हुए और उन्होंने विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रम, चार वर्षीय अध्ययन कार्यक्रम, किफायती शुल्क संरचना और छात्रावास सुविधाओं को लेकर गहरी रुचि दिखाई। विशेष रूप से, छात्राओं ने होटल मैनेजमेंट और टूरिज्म में अपने करियर को आगे बढ़ाने में अधिक रुचि दिखाई, वहीं छात्र भी इस क्षेत्र में सुनहरे अवसरों को लेकर उत्साहित नजर आए। इस महत्वपूर्ण पहल की एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी के चांसलर महेंद्र अग्रवाल , प्रो-चांसलर नितिन अग्रवाल जी, वाइस चेयरमैन अखिल अग्रवाल जी, कुलपति प्रोफेसर (डॉ.) प्रसेनजीत कुमार और प्रो-वाइस चांसलर (प्रशासन) पीयूष श्रीवास्तव , रजिस्ट्रार प्रोफेसर (डॉ.) राजीव रतन ने भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होंने बताया कि यह विश्वविद्यालय के वैश्विक बनने में पहला कदम है।

एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी की इस भागीदारी ने विश्वविद्यालय की ओर से एक मजबूत प्रभाव छोड़ा और बड़ी संख्या में छात्रों ने इसमें दाखिले में रुचि व्यक्त की। इस सफलता के बाद, विश्वविद्यालय भविष्य में भी इस तरह के शैक्षिक मेलों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रतिबद्ध है।

# समाजसेवियों ने स्कूली बच्चों के साथ मनाई होली, रंग, गुब्बारे व स्टेशनरी पाकर झूमें बच्चे,होली पर्व की बधाई दी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** नगर के मोहल्ला कलेक्टर गंज स्थित शिवा प्राथमिक पाठशाला में समाजसेवियों ने छोटे छोटे बच्चों के साथ होली खेलकर उन्हें रंग, गुब्बारे व स्टेशनरी गिफ्ट करते हुए शुभकामनाएं दी और शांती पूर्वक होली का त्यौहार मनाने की अपील की।

बुधवार को शिवा प्राथमिक पाठशाला में समाजसेवी आनन्द गर्ग दाल मिल वाले,चंडी मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष संजय गुप्ता,राष्ट्रीय व्यापार संगठन के जिलाध्यक्ष अमित शर्मा टोनी,मोहित बंसल आदि ने पहुंचकर स्कूली बच्चों के साथ होली खेली और बच्चों को चंदन लगाकर रंग, गुब्बारे व स्टेशनरी के पैकेट वितरित किए,जिन्हें पाकर बच्चे खुश हो गए।

इस मौके पर समाजसेवी आनन्द गर्ग दाल मिल वाले चंडी मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष संजय गुप्ता ने कहा कि भारतीय संस्कृति में हर त्योहार को मनाने की परंपरा है,लेकिन इस बार बच्चों के बीच मनाकर खुशी मिल रही है।

राष्ट्रीय व्यापार संगठन के जिलाध्यक्ष अमित शर्मा टोनी,मोहित बंसल ने कहा कि बच्चों के साथ खुशियां बांटने में हृदय से अपार आनंद की अनुभूति होती है।

प्रधानाध्यापिका डॉ सुमन अग्रवाल ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए होली की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर शिक्षिका लक्ष्मी शर्मा,सरला,सुमन,सोनिया आदि मौजूद थी।

वहीं स्कूल की छुट्टी के बाद बच्चों ने एक दूसरे पर लाल, पीला, नीला गुलाल लगाया और चेहरे और कपड़ों को रंगों में सराबोर कर दिया। स्कूलों के बच्चे काफी देर तक एक दूसरे को रंग लगाते रहे।




# सैनी की धर्मशाला में होली मिलन समारोह का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा।** नारायण युवा सैन समाज ने सैनी की धर्मशाला में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया।

**प्रेम ओर सौहार्द का त्योहार रंगों की होली: गजेन्द्र राठी**

मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक धर्मेश सिंह तोमर ने कहा कि होली आपसी प्रेम और भाईचारे का त्योहार है। उन्होंने कहा कि इस त्योहार को बिना किसी भेदभाव के मनाना चाहिए। किसी प्रकार का हुड़दंग नहीं करना चाहिए। किसी को जबरन रंग नहीं लगाना चाहिए। होली हमारी सभ्यता और संस्कृति का संदेश देती है।नारायण युवा सैन समाज के रामकुमार ने कहा कि यह त्योहार एकता का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि सभी को रंगों की तरह मिलजुल कर रहना चाहिए। कार्यक्रम में लोगों ने फूलों की होली खेली। सभी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर बधाई दी। कार्यक्रम में रामकुमार , महेश चंद सैन,राकेश कुमार अनिल कुमार ,सोनू कुमार,अशोक कुमार सैन,अनिल कुमार सैन तनुज राजोरिया,संजय कुमार, वेद प्रकाश ,दीपक कुमार सैन,प्रदीप कुमार,राम गोपाल ,दीपक कुमार,अमित कुमार ,संजय कुमार नानक चंद ,मनीष कुमार , राम कुमार (रामू) आदि लोग मौजूद रहे।




# लघु उद्योग भारती होली परिवार मिलन कार्यक्रम का किया आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** गढ़ रोड स्थित मनोहर रिजेंसी में लघु उद्योग भारती, हापुड़ द्वारा होली परिवार मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न कार्यक्रम में महिला व पुरुषों ने प्रतिभाग कर एक दूसरे को होली पर्व की बधाई दी।

**संस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुत किये,एक दूसरे को होली पर्व की बधाई दी**

होली परिवार मिलन कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि क्षेत्रीय महासचिव डा.विकास अग्रवाल,जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा नागर, विधायक विजयपाल आढ़ती तथा लघु उद्योग भारती के संभाग अध्यक्ष राजकुमार शर्मा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मुख्य अतिथियों ने होली पर्व की सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। होली परिवार मिलन कार्यक्रम में आए सभी परिवार के सदस्यों ने कार्यक्रम में आनंद लिया और सभी ने एक दूसरे को होली की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सफाई कर्मचारी आयोग के सदस्य मनोज वाल्मीकि, विशाल मित्तल अध्यक्ष,पुनीत गोयल,राजीव बंसल महासचिव,तरूण बाटला सचिव, सुनील वर्मा कोषाध्यक्ष, नीरज गुप्ता, राजीव अग्रवाल,वैभव गुप्ता,दिपांशु गर्ग,ध्रुव गुप्ता,संजय गोयल, उमेश मित्तल,विभोर अग्रवाल,राहुल गर्ग, जतिन साहनी, सुधान्शु गोयल, ऋषभ बंसल,कैलाश वर्मा,अजय माहेश्वरी, विनीत गर्ग आदि मौजूद रहे।






**आयोजन** — मंच का संचालन संजय बंसल अकेला द्वारा किया गया

# पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल द्वारा होली मिलन कार्यक्रम आयोजित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)।** नगर के पिलखुवा में पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल द्वारा होली मिलन का कार्यक्रम सैफायर ब्लू विभोर चित्रलोक में अत्यंत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धौलाना विधायक धर्मेश तोमर रहे। संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश महामंत्री तिलक राज अरोड़ा स्थानीय कोतवाली प्रभारी पटनीश कुमार विशिष्ट अतिथि रहे। कार्यक्रम में कलाकारों ने होली के हुलियारो का रूप धर नृत्य किया और सभी के साथ फूलों की होली खेली। विधायक सहित सभी अतिथियों ने व्यापारियों पर फूलों की बारिश की। कार्यक्रम मैं व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष हरीश अग्रवाल गाजियाबाद महानगर के अध्यक्ष ओम दत्त गुप्ता भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष मनीष माहेश्वरी वैश्य अग्रवाल महासभा के अध्यक्ष मनीष किसान जाने माने कवि सतीश वर्धन व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष संजय बंसल अकेला महामंत्री हरित मित्तल मंचासीन रहे। मंच का संचालन संजय बंसल अकेला द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में बृजमोहन गुप्ता जय भगवान सिंहल प्रशांत गोयल राजेंद्र प्रजापति आदि का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में व्यापारियों ने हिस्सा लिया और जमकर फूलों की होली खेली।






# कचरे के ढेर में मिला नवजात शिशु: मानवता हुई शर्मसार, पुलिस ने अस्पताल में भर्ती

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)।** पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र के ग्रामीण इलाके में मानवता को शर्मशार करने का मामला प्रकाश में आया है। मंगलवार को कूड़े कचरे के ढेर में पिन्नी चुगने वालो को एक नवजात शिशु मिला। नवजात शिशु की हालत को देख पिन्नी चुगने वाले लोग हक्का बक्का रह गए। इस दौरान किसी ने सूचना पुलिस को दे दी जिसके बाद मौके पर पंहुची पुलिस ने नवजात को दहपा रोड स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया हैं। जहां नवजात का उपचार चल रहा है। जानकारी के मुताबिक कोतवाली क्षेत्र के गांव दहपा स्थित एक कूड़े कचरे के ढेर में मंगलवार की सुबह कूड़ा बीन रहे थे। इस दौरान पिन्नी चुगने व कूड़ा बीनने वाले लोगो को कचरे के ढेर में एक नवजात शिशु मिला। नवजात शिशु की हालत को देख उनके होश उड़ गए। इस दौरान किसी ने नवजात शिशु मिलने की सूचना पुलिस को दे दी। सूचना पाकर मौके पर पंहुची पुलिस ने नवजात को दहपा रोड स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया हैं। जहां नवजात का उपचार चल रहा है। थाना प्रभारी निरीक्षक पटनीश कुमार ने बताया कि नवजात के परिवार की तलाश और घटना के कारणों की जांच की जा रही है। फिलहाल बच्चा सीडब्ल्यूएसएन भेज दिया गया है। पुलिस द्वारा घटनास्थल के सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है।



**Name change**

In my passport number M9499573, my father's name is recorded as SHAEDEN QURESHI, which is wrong. Whereas my father's correct name is SAMI-UDDIN. Farhat Qureshi Daughter of Samiuddin, resident - 75/1, Kotla Mewatiyan-6, Karimpura, Hapur

**नाम परिवर्तन सूचना**

मेरे पासपोर्ट में मेरा नामे AHIR AHMAD त्रुटिवश गलत दर्ज हे जबकि मेरे आधार कार्ड व अन्य सभी दस्तावेजों में मेरा नाम ZAHEER AHAMAD हे जो सही हे को मेरे पासपोर्ट में दर्ज किया जाए ।

**जहीर अहमद पुत्र हबीब निवासी ग्राम दरियापुर थाना कोतवाली देहात बुलंदशहर**

# जिला पंचायत कार्यालय में होली मिलन समारोह का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो





**हापुड़।** बुधवार को जिला पंचायत कार्यालय के सभागार कक्ष में अध्यक्ष रेखा नागर की अध्यक्षता में होली मिलन समारोह का आयोजन किया। जिसमें जिला पंचायत सदस्यों के अलावा अधिकारियों,कर्मचारियों व गणमान्य लोगों ने प्रतिभाग कर एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली पर्व की बधाई व शुभकामनाएं दी।

समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा नागर ने सभागार कक्ष में उपस्थित जिला पंचायत सदस्यों, जिला पंचायत के अधिकारियों कर्मचारियों को होली पर्व की बधाई देते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में प्रत्येक त्योहार बनाने की परंपरा चली आ रही है।

अपर मुख्य अधिकारी आरती मिश्रा ने कहा कि होली का पर्व आपसी भाईचारे को बढ़ावा देता है। होली आर्गेनिक गुलाल से खेले। कार्यक्रम का संचालन प्रशासनिक अधिकारी देवी सहाय ने किया। इस अवसर पर भाजपा नेता,समाजसेवी प्रमोद नागर, जिला पंचायत सदस्य सतीश प्रमुख,सुरेश तोमर, सुमित शिशौदिया, हरिओम सिंह, राशिद अली, रविन्द्र सिंह, इस्ते प्रधान, सुभाष प्रधान,उमेश देवी,शिखा तोमर, पूजा बंसल,राजेन्द्र प्रधान,सतवीर नेता,ललित नागर,रोहन नागर,सागर हूण,अमरीश खारी आदि मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में 223 हिन्दू जोडों तथा 43 मुस्लिम वर्ग के जोड़ों का विवाह सम्पन्न

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**बुलन्दशहर।** स्नेहा गार्डन, डीएम रोड बुलन्दशहर में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत जिलाधिकारी श्रुति के निर्देशन में सामूहिक विवाह का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में 223 हिन्दू जोडों तथा 43 मुस्लिम वर्ग के जोड़ों का विवाह सम्पन्न हुआ। समारोह में मुख्य विकास अधिकारीकुलदीप मीना, विधायक, देवेन्द्र सिंह लोधी, जिलाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी विकास चौहान, दीप्ति मित्तल, अध्यक्ष, नगर पालिका बुलन्दशहर, की गरिमामयी उपस्थिति में सामूहिक विवाह कार्यक्रम में सम्मिलित नव दम्पत्ति (वर-वधू) को अपना आशीर्वाद दिया गया तथा समस्त जन प्रतिनिधिगणों द्वारा नव दम्पत्ति सामूहिक जोडों के उज्जवल भविष्य की कामना भी की गई। कार्यक्रम में उपस्थित प्रत्येक जोड़े को उपहार सामग्री का वितरण किया गया है। कन्या के खाते में अनुदान की धनराशि रुपए 35000 अन्तरित की जाएगी। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी सुभाष नेमा, जिला समाज कल्याण अधिकारी रंजना सिंह, नीलम सिंह चौहान सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# सुंदरदीप वर्ल्ड स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया होली का पर्व

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)।** सुंदरदीप वर्ल्ड स्कूल में आज रंगों के त्योहार होली को बड़े ही उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। विद्यालय के प्रांगण में आयोजित इस कार्यक्रम में बच्चों ने पारंपरिक गीतों पर नृत्य किया और एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं।




इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्या श्रीमती सपना अहलावत जी ने बच्चों को होली के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि होली रंगों का त्योहार है, जो बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। यह त्योहार आपसी प्रेम और भाईचारे का संदेश देता है। कार्यक्रम में बच्चों को रंगों के महत्व के बारे में भी जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि प्रत्येक रंग का अपना अलग महत्व होता है और यह हमारे जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। इस होली कार्यक्रम में बच्चों को पानी के दुरुपयोग को रोकने के लिए भी जागरूक किया गया। कक्षा अध्यापिकाओं ने छोटे बच्चों को बताया कि हमें होली खेलते समय पानी का सदुपयोग करना चाहिए और सूखे रंगों का प्रयोग करना चाहिए। उन्होंने बच्चों से यह भी अपील की कि वे अपने आसपास के लोगों को भी पानी बचाने के लिए प्रेरित करें। बच्चों ने भी प्रधानाचार्या व अध्यापिका की बातों को ध्यान से सुना और पानी बचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को मिठाइयां और गुलाल वितरित किए गए। बच्चों ने होली के इस त्योहार को खूब आनंद लिया।

# हाईटेंशन विद्युत लाइन के नीचे की प्लाटिंग कराई ध्वस्त, एचपीडीए का बुलडोजर हापुड़ विकास क्षेत्र में गरजा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष के निर्देश पर अधिकारियों ने पुलिस बल की मौजूदगी में बुलडोजर से हापुड़ विकास क्षेत्र के मोदी नगर रोड पर हाईटेंशन विद्युत लाइन की नीचे की अवैध प्लाटिंग ध्वस्त करने की कार्यवाही कराई गयी। प्राधिकरण की इस कार्यवाही से अवैध निर्माणकत्र्ताओं व कालोनाइजरों में हड़कंप मच गया है। मार्च माह में प्राधिकरण का अवैध प्लाटिंग व निर्माण के खिलाफ ध्वस्तीकरण व सीलिंग अभियान जारी रहेगा। हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण के प्रभारी सचिव,सक्षम अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि हापुड़ विकास क्षेत्र मोदीनगर रोड पर ग्राम बदनौली में आलोक कुमार द्वारा हाईटेंशन विद्युत लाइन के नीचे 25000 वर्ग मीटर में की जा रही अवैध निर्माण को बुलडोजर से ध्वस्त कराया। उन्होंने अवैध निर्माणकर्ताओ व कालोनाइजरों से दो टूक कहा कि अवैध निर्माण व प्लाटिंग को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

- **जनमानस से अपील,मानचित्र स्वीकृत कराकर निर्माण कार्य व प्लाटिंग करें:प्रभारी सचिव**
- **एचपीडीए द्वारा मार्च में अवैध प्लाटिंग व निर्माण के खिलाफ अभियान जारी रहेगा**



अवैध निमार्णों को तत्काल रोक कर प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराकर,ही निर्माण करे,अन्यथा कार्रवाई होगी। प्राधिकरण के अधिकारी कर्मचारी अवैध प्लाटिंग,कालोनी व निमार्णों को चिन्हित करने में जुटे है। जिसके बाद उन पर सीलिंग व ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जायेगी। इस अभियान में प्रभारी प्रवर्तन नृपेश सिंह तोमर,अवर अभियंता महेशचन्द उप्रेती, जितेन्द्रनाथ दूबे,वीरेश राणा,अजय सिंघल व प्राधिकरण का सचल दस्ता मौजूद रहा।

# शालीमार गैलेंट वेस्ट: लक्जरी और भव्यता का नया प्रतीक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ ।** यूपी लखनऊ के प्रतिष्ठित इलाके महानगर में शालीमार गैलेंट वेस्ट का भव्य लॉन्च हुआ है। यह प्रोजेक्ट उन लोगों के लिए खास तौर पर तैयार किया गया है, जो शान, आराम और आधुनिकता को प्राथमिकता देते हैं। शहर के केंद्र में स्थित यह प्रोजेक्ट क्लासिक आर्किटेक्चर और अत्याधुनिक सुविधाओं का बेजोड़ संगम है, जो इसे लक्जरी लिविंग का आदर्श उदाहरण बनाता है। शालीमार गैलेंट वेस्ट में 4 बीएचके एक्सक्लूसिव रेजिडेंस दिए गए हैं, जो शानदार कारीगरी और भव्यता का प्रतीक हैं। यहां पर विश्वस्तरीय क्लबहाउस, वेलनेस सेंक्चुरी, ऑल-वेदर इनफिनिटी पूल, स्मार्ट होम फीचर्स, 24७७ सुरक्षा जैसी सुविधाएं मौजूद हैं।


## कार्यालय नगर पंचायत औरंगाबाद जनपद बुलन्दशहर

पत्रांक 90/ न0प0ओ0/2024-25 दिनांक 12.03.2025

### विज्ञप्ति

दिनांक 14 मार्च 2025 में होली के शुभ अवसर पर नगर पंचायत औरंगाबाद की ओर से सभी नगर वासियों से अपील/अनुरोध है।

1. प्रतिबंधित प्लास्टिक का प्रयोग न करें, गीला व सूखा कूढा अलग-अलग डस्टबिन में डालें।
2. कूडे को नाले/नालियों तथा सडकों पर न फेंके, न ही जलायें।
3. डोर टू डोर कूडा कलेक्शन करने हेतु निकाय द्वारा संचलित वाहनों में ही कूड़ा डालें।
4. सार्वजनिक भूमि सड़कों, पटरियों एवं नाले / नालियों पर अतिक्रमण ना करें।
5. होम कम्पोस्टिंग का इस्तेमाल करें। पानी बरबाद न करें।
6. गृहकर व जल मूल्य समय से जमा करें एवं शौचालय का प्रयोग करें।
7. स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में सिटीजन फीडबैक में अपना सक्रिय योगदान करें।
8. जन्म-मृत्यु का पंजीकरण समय से करायें। पौधारोपण करें व उसकी देखभाल करें।

**अधिशासी अधिकारी**
नगर पंचायत औरंगाबाद
जनपद-बुलन्दशहर

**अध्यक्ष**
नगर पंचायत औरंगाबाद
जनपद-बुलन्दशहर

## कार्यालय जिलाधिकारी, बुलन्दशहर

संख्या 239/2/ जी0आ0अ0 विषाक्त मदिरा चेतवानी/ 2024-25/ बुशहर / दिनांक 12 मार्च 2025



### चेतावनी/अपील



आगामी होली के पर्व के अवसर पर जनसामान्य को सूचित किया जाता है कि परचून की दुकानों एंव अन्य अनधिकृत स्थलों से बिकने वाली अवैध मदिरा का सेवन न करे, क्योंकि अवैध स्थलो/अड्डों से मिलने वाली मदिरा जहरीली हो सकती है तथा मिथाइल अल्कोहल भी हो सकता है, जो एक तीव्र विष है तथा इसके सेवन से आंखों की रोशनी जाने के साथ व्यक्ति की मृत्यु भी हो सकती है।

सस्ते के चक्कर में जान न गवायें, जहरीली शराब पीने से बचें। इसलिये अपना एंव अपने परिवार की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अधिकृत आबकारी दुकानों से ही बारकोडयुक्त एवं सीलबन्द मदिरा ही खरीदें तथा अधिकृत दुकानों के सेल्समैनों को निर्धारित प्रिन्ट (एम0आर0पी0) रेट का ही भुगतान करें। यदि किसी व्यक्ति को अवैध मंदिरा की बिक्री की सूचना प्राप्त होती है तो तत्काल जनहित में निम्न दूरभाष नम्बर / मोबाइल नम्बर पर सूचना देने का कष्ट करें सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम व पता गोपनीय रखा जायेगा।

**प्रदेश स्तर पर संचालित टोल फ्री नम्बर-14405 तथा व्हाटसएप नम्बर 9454466010**
**जिला आबकारी अधिकारी बुलन्दशहर मोबाईल नम्बर 9454465652**

| | |
|---|---|
| 1-आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-एक (तहसील सदर) | मो0नं0-9454466430 |
| 2-आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र दो (तहसील खुजा) | मो0नं0-9454466431 |
| 3- आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र-तीन (तहसील अनूपशहर) | मो0नं0-9454466432 |
| 4-आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र-चार (तहसील डिबाई) | मो0नं0-9454466433 |
| 5-आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र-पांच (तहसील सिकन्द्राबाद) | मो0नं0-9454466437 |
| 6-आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र छः (तहसील स्थाना) | मो0नं0-9454466434 |
| 7-आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र-सात (तहसील शिकारपुर) | मो0नं0-9454466776 |

**(राजेन्द्र कुमार)**
**जिला आबकारी अधिकारी**
**बुलन्दशहर**

**(श्रुति)**
**जिलाधिकारी**
**बुलन्दशहर**


मुद्रक, प्रकाशक व संपादक अब्दुल सलाम सैफी ने बुलन्द मीडिया कम्यूनिकेशन प्रा0लि0 के लिए साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 , सेक्टर 7 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर से छपवाकर 106 सूर्या कनिष्क अपार्टमेंट सैक्टर 4,वैशाली गाजियाबाद से प्रकाशित किया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी एंव एडिटर इन चीफ प्रदीप कुमार अग्रवाल , ममदूद आलम वारसी ( उप सम्पादक ), अब्दुल सलाम सैफी ( संपादक ) मो0:- 9457159115, 9810113170, 9910073407, *सभी विवादों का कार्य क्षेत्र न्यायालय गाजियाबाद होगा।* mail Id:- BulandSandesh@Gmail.Com WebSite:- WWW.BulandSandesh.Com RNI NO:- UPHIN/2013/57267

## सम्पादकीय

# सिर्फ तमाशबीन पार्टी बन कर रह गई कांग्रेस




अब्दुल सलाम सैफी
संपादक

कांग्रेस पिछले एक दशक से ज्यादा समय से चुनाव हार रही है। लेकिन उससे पहले जब वह जीती और दो बार लगातार केंद्र में सरकार में रही तब भी उसका लोकप्रिय समर्थन अधिक नहीं था। जब वह कई राज्यों में सरकार में थी और केंद्र में भी उसकी सरकार थी तब भी कांग्रेस का जनाधार घट रहा था। कारण था भगवा रंग। वह भगवा, हिंदू विमर्श से बाहर होती गई। हालिया महाकुंभ प्रायोजित मगर लोकप्रिय विमर्श था। उत्तर भारत के हर गांव, घर में पिछले दो महीने से सिर्फ महाकुंभ की चर्चा थी। लेकिन कांग्रेस कहीं भी उस चर्चा का हिस्सा नहीं बन पाई क्योंकि वह इस लोकप्रिय नैरेटिव से बाहर थी। कई दशक पहले से ऐसे ही थी लेकिन वास्तविक अर्थों में 1989 से कांग्रेस की गिरावट है। पिछली सदी के आखिरी एक दशक में दो लोकप्रिय विमर्श हुए थे। पहला, अयोध्या में राम मंदिर का आंदोलन और दूसरा पिछड़ी जातियों के लिए आरक्षण देने वाले मंडल आयोग की रिपोर्ट लागू करना। इन दोनों लोकप्रिय राजनीतिक विमर्शों में से कांग्रेस नदारद थी या फिर रिसीविंग एंड पर थी। यानी वह सबके हमले का निशाना बनी रही। हर तरफ से इन दोनों के लिए कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराया गया था।

**हैरानी नहीं है जो पिछले साढ़े तीन दशक से ये ही दोनों नैरेटिव किसी न किसी रूप में भारतीय समाज और राजनीति दोनों को गाइड कर रहे हैं। पिछले 35 साल में मंदिर और मस्जिद का नैरेटिव स्थापित हुआ है और चला है या फिर आरक्षण का विमर्श चला है**

हैरानी नहीं है जो पिछले साढ़े तीन दशक से ये ही दोनों नैरेटिव किसी न किसी रूप में भारतीय समाज और राजनीति दोनों को गाइड कर रहे हैं। पिछले 35 साल में मंदिर और मस्जिद का नैरेटिव स्थापित हुआ है और चला है या फिर आरक्षण का विमर्श चला है। इन 35 वर्षों में कांग्रेस 15 साल सत्ता में रही लेकिन न तो वह इन दोनों विमर्शों का हिस्सा बनी और न इसे बदलने के लिए उसने कोई वैकल्पिक नैरेटिव खड़ा किया। सोचें, कांग्रेस के पास 1991 से 1996 तक का कैसा मौका था! उस समय वह चाहती तो मंदिर और आरक्षण यानी धर्म और जाति के राजनीतिक विमर्श को आर्थिक और विकास के विमर्श में बदल सकती थी। लेकिन उसने नहीं किया। नरसिंह राव की सरकार ने देश की अर्थव्यवस्था को उदारीकरण के रास्ते पर लाकर बड़ा मौका दिया था। अगर कांग्रेस उनके साथ ईमानदारी से खड़ी होती तो सारे विमर्श बदल जाते। देश में उद्योग धंधे लगते, रोजगार और नौकरियों के नए अवसर बनते, भारत वैश्विक प्रतिस्पर्धा में शामिल होता लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। जो हुआ उसका आकार बहुत छोटा और रफ्तार बहुत धीमी रही। इसका कारण यह था कि कांग्रेस के नेता सोनिया गांधी के प्रति अपनी निष्ठा साबित करने में लगे रहे। इसके लिए जरूरी था कि नरसिंह राव जो कर रहे थे उसको कमतर दिखाया जाए। इस चक्कर में कांग्रेस पार्टी मंदिर और आरक्षण की राजनीति करने वाली भाजपा व समाजवादी पार्टियों के साथ खड़ी हो गई। हालांकि वह उस विमर्श का हिस्सा भी नहीं बन सकी। सिर्फ तमाशबीन पार्टी बन कर रह गई।

# पर्याप्त,अच्छी नींद के लिए अपनाया जा रहा है, "स्लीप डिवोर्स " और " सप्लीमेंट्री"



डॉ. बी.आर. नलवाया

नींद का मनुष्य के जीवन में एक महत्वपूर्ण पक्ष है। मनुष्य अपने जीवन का एक तिहाई हिस्सा सोते हुए गुजार देता है। नींद में परिवर्तन होने से मनुष्य की, कार्य क्षमता पर भी बहुत प्रभाव पड़ता है। आखिर नींद के लिए लोग इतना परेशान क्यों होते हैं -- क्योंकि "नींद एक ऐसी प्रक्रिया है जिसके द्वारा शरीर आराम पाता है।" गहरी नींद से व्यक्ति तनाव रहित हो जाता है। हमें तब तक नींद नहीं आती है, जब तक की दिमाग का दुनिया से सीधा नाता जुड़ा होता है, और दिमाग एवं देह दोनों ही हरकत में चलते रहते हैं। स्पष्ट है" कि जब तक तनाव रहता है ,तब तक नींद नहीं आती और जहां विचार बिल्कुल खत्म हो जाते हैं, तब नींद अचानक आ जाती है। इसलिए यह जरूरी है, कि सोने के समय अपने चिंतन को बिल्कुल बंद कर देना चाहिये।

भागदौड़ की जिंदगी और काम का दबाव के कारण हर कोई व्यक्ति सही मात्रा में नींद नहीं ले पा रहा है। छुट्टी के दिन 1 घंटे या उससे अधिक नींद लेने से* हृदय रोग *की संभावना बहुत कम हो जाती है । वही दुनिया भर में "हृदय रोग "से होने वाली मोतो में पिछले 30 सालों में 60 प्रतिशत की वृद्धि हुई। सन1990 में हृदय रोग 1.21 करोड़ था, वहीं अब 2021 में दो करोड़ लोगों की मौत का मुंह देखना पड़ा रहा है। दूसरी ओर अमेरिका से लेकर भारत तक में बेहतर नींद के लिए*"सप्लीमेंट"लेने वालों की संख्या बढ़ रही है।

अमेरिका में रोग नियंत्रण केंद्र के अनुसार 18 प्रतिशत लोग बेहतरीन नींद लिए "स्लिप सप्लीमेंट्री "लेते हैं ,वहीं भारत में यह संख्या करीब 12 प्रतिशत है। जीवन शैली के बदलाव में सामान्य दवाओ ,प्राकृतिक उपचार, थेरेपी की तकनीकों के साथ लेने को* स्लिप सप्लीमेंट *कहते हैं। रात की बेहतरीन ही शरीर को दिन भर काम करने की ऊर्जा प्रदान करती है। यह" इम्यूनट सिस्टम" को बेहतर बनाती है । तनाव घटाती है, मस्तिष्क के रूप में कार्य करने की क्षमता को बेहतर बनाती है । देखा गया भारतीय दुनिया भर में कम नींद लेने के मामले में दूसरे नंबर पर है । भारतीय ओसतन 7.1 घंटे की नींद लेते हैं जो की अच्छी सेहत के लिए निर्धारित 7 से 9 घंटे की नींद पर्याप्त होनी चाहिए । कम नींद के कारण की समस्या बनकर उभरती है।

एक ताजा रिपोर्ट के अनुसार देश में*स्लिप डिवोर्स* का चलन तेजी से बढ़ रहा है। हालत यह है,कि अच्छी नींद और निरोगी काया के लिए 78 प्रतिशत भारतीय जोड़े अलग-अलग नींद का आनंद लेते हैं, सोने का विकल्प चुनते हैं । भारत के बाद चीन 67 प्रतिशत ,दक्षिण कोरिया 65 प्रतिशत नंबर पर है। नींद की कमी गंभीर स्वास्थ्य जोखिम से जुड़ी है । इसमें मानसिक तनाव, खतरनाक ड्राइविंग प्रमुख है, नींद में बाधा डालने वाले कारणों में साथी का खर्राटे लेना ,तेज सांस लेना, बेचैनी असामान्य नींद का समय और बिस्तर पर लेकर स्क्रीन का उपयोग किया जाना |वे लोग जो अलग-अलग सोने का विकल्प चुनते हैं। बेहतर नींद की गुणवत्ता और स्थिर या बेहतर रिश्तों की बात कहते हैं।

वैसे एक्सपर्ट का कहना है कि साथ सोने के भी फायदे हैं। यह ऑक्सीटोसिन (लव हारमोंस) को बढ़ाता है, जिससे तनाव के स्तर में कमी आती है।

अमेरिकी डॉक्टर शिपर्स ने कहा "निद्रा का सबसे प्रमुख शत्रु है चिंता" अतः हमें चिंता रहित होकर सोना चाहिए। बिस्तर पर लेटने के पश्चात ना तो आने वाले कल के बारे में और नहीं दिनभर की कार्यकलापों के बारे में विचार करना चाहिए। लेटते ही बिजली के स्विच की भांति विचारों के स्विच को भी बंद कर देना चाहिए। नींद के लिए गोलियों का सेवन भी किया जाता है जो कि स्वास्थ्य के लिए बहुत नुकसानदेह होता है। लोगों में अच्छी नींद के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए प्रतिवर्ष विश्व निद्रा दिवस मनाया जाता है।। विश्व निंद्रा या नींद दिवस वर्ष 2008 से प्रत्येक वर्ष मार्च माह के तीसरे शुक्रवार को मनाया जाता है जो कि इस वर्ष 14 मार्च को मनाया जाएगा। नींद सैकड़ों मर्ज की एक दवा, लेकिन आज तनाव और चिंता के दौर में नींद कहीं काफूर हो गई है और सुबह बड़ी बोझिल लगती है।

इसलिए आज हमें यह देखना है कि गहरी नींद में शरीर के अंग प्रत्यंग को आराम मिलता है ,खर्च हुई शक्ति पुनः प्राप्त होती है। गहरी नींद में श्वास गति धीमी होकर नाड़ी धीरे धीरे चलती है। मस्तिष्क में रक्त प्रवाह कम होकर स्पर्श और श्रवण शक्ति का लोप हो जाता है। नींद खुलने पर पहले श्रवण तत्पश्चात स्पर्श शक्ति लौटती है। नेपोलियन बोनापार्ट कम समय सोता था ,लेकिन गहरी नींद लेता था, बिस्तर पर जाते ही क्षण भर में वह निंद्रा रानी की बाहों में समा जाता था, और वह जीवन भर निरोग रहा। इसलिए गहरी नींद का आना बहुत आवश्यक है। विश्व में सबसे अधिक साधन संपन्न धनी राष्ट्र अमेरिका में लाखों लोगों को नींद नहीं आती है, यह लोग रोजाना नींद की दवाइयां खाकर बिस्तर पर जाते हैं। अन्य देशों के लोगों की भी

## 14 मार्च विश्व निंद्रा दिवस-विशेष लेख"

लगभग ऐसी ही स्थिति है।

दिन भर मेहनत मजदूरी करने वाला मजदूर जब घर लोटता है और रूखी सूखी खाकर सख्त जमीन पर पढ़ते ही उसे नींद आ जाती है, जबकि उसको मेहनत अनुसार पौष्टिक भोजन भी नहीं मिलता और नहीं ऐशोआराम के साधन। दूसरी तरफ साधनसंपन्न व्यक्तियों को नींद नहीं आने के अनेक कारण होते हैं जैसे लोभ, ईर्ष्या, भय,अतिचिंता, यह सब जीवन में बौखलाहट पैदा कर देते हैं। इसके कारण भी नींद की प्रतीक्षा में इन्हें देर रात तक करवटें बदलनी पड़ती है। स्पष्ट है कि यदि कोई व्यक्ति प्रयत्न के बावजूद रात को जो कि नींद का सर्वोत्तम समय है उसमें भी सो ना सके और नींद ना आने के कारण चिंतित रहे तो समझना चाहिए कि वह व्यक्ति अनिद्रा की बीमारी से पीड़ित है। नींद उम्र की अलग-अलग पड़ावो में कम ज्यादा होती रहती है, नवजात शिशु 24 घंटे में से 20 घंटे तक सोता है फिर क्रमशः नींद की आवश्यकता घटती जाती है। डॉक्टरों का कहना है कि एक स्वस्थ मनुष्य के लिए औसतन 7-8 घंटे की नींद पर्याप्त होती है।

गहरी नींद से संपूर्ण शरीर को विश्रांति एवं उचित पोषण मिलता है। अत्याधिक शारीरिक एवं मानसिक श्रम के पश्चात खोई हुई शक्ति पाने के लिए गहरी नींद का झोंका भी कम महत्वपूर्ण नहीं है इससे भी मस्तिष्क को पूरा पूरा आराम मिल जाता है और मन स्फूर्तिमय हो जाता है इसलिए सफर के दौरान ड्राइवर को पर्याप्त नींद लेना चाहिए अन्यथा हल्की झपकी आने से बहुत बड़ी दुर्घटना हो सकती है। देश में सड़क दुर्घटनाओं में ड्राइवर गाड़ी चलाने लिए जाने वाली नींद की झपकी बहुत घातक सिद्ध हुई।

नींद लाने की कुछ उपाय के पहले देखा जाए तो एक रात का जागरण घातक तो नहीं होता, परंतु अगला दिन चिड़चिड़ाहट और थकान भरा होता है। लगातार दो-तीन दिनों तक जागते रहने से विचार करने की क्षमता भी समाप्त हो जाती है। यदि किसी भी व्यक्ति को जबरन अधिक दिनों तक जगाए रखा जाए ,तो उसकी मृत्यु तक हो सकती है इसलिए रेलवे ने ड्राइवरों व गार्ड के लिए देश के अनेकों स्टेशन पर विश्राम गृह बनाए हैं।

**अच्छी नींद लाने के उपाय:-**

पूर्व दिशा में सिर रखकर सोने से शांतिपूर्ण एवं सुखमय नींद आती है।

दक्षिण दिशा में सिर रखकर सोने से धन एवं आयुष्य में वृद्धि होती है।

रोजाना रात में जल्दी सोना एवं सुबह जल्दी उठना चाहिए।

सोने के पूर्व किसी भी प्रकार के फालतू विचार नहीं करना चाहिए।

सुबह एवं शाम दोनों समय भोजन करने का समय निश्चित होना चाहिए।

शाम को सूर्यास्त के पूर्व भोजन करना अति उत्तम है एवं सोने से पूर्व दूध लेना अच्छी नींद के लिए आवश्यक है।

सोने का कमरा स्वच्छ एवं हवादार होना चाहिए।

रात को शरीर पर हल्के कपड़े पहनना चाहिये।

नींद लेने के समय का निर्णय स्वयं करें अन्यथा कुंभकरण की नींद भी होती है।

सोने से पहले शरीर की प्राकृतिक आवश्यकताओ जैसे शोच, मूत्र आदि से निपट लेना चाहिए अन्यथा बीच में उठने से नींद में व्यवधान उत्पन्न होता है।

रात्रि में सोने से पूर्व ब्रश करना चाहिए एवं हाथ, पैर व मुंह धोकर सोना चाहिए।

सोते समय हल्की आवाज में संगीत सुनने, हल्की-फुल्की कहानियां एवं कविता या पत्र-पत्रिका पढ़ने से भी नींद शीघ्र आती है।

गहरी नींद के दुश्मन जेसे क्रोध, घ्रणा, चिंता, रोग, भय, अति प्रेम,अधिक भोजन, चाय-कॉफी, तंबाकू, सिगरेट, मसालेदार भोजन, अधिक प्रकाश आदि से बचना चाहिए।

नियमित व्यायाम भी नींद लाने में सहायक होता है, प्रतिदिन नियमित व्यायाम के साथ सायं काल तीन-चार किलोमीटर टहलना चाहिए।

पश्चिम की तरफ सिर करके सोने से चिंता आती है एवं उत्तर की तरफ सिर करके सोने से आयु का नाश होता है।

बाई करवट लेकर सरल रेखा में लेटना सर्वोत्तम है इसमें श्वास नली सीधी रहती है एवं साथ ही ऑक्सीजन का संचार अच्छा होता है।

सोने से पहले डिनर 3 घंटे पूर्व लेना चाहिए ,अच्छी नींद के लिए आवश्यक है।

सोने से पहले पर्याप्त मात्रा में पानी पीना चाहिए ताकि नींद नहीं टूटे।


सन 2018 के एक अध्ययन में देखा गया जो लोग सोने से पहले गर्म पानी से पैर धोते हैं ,उन्हें 7 मिनट पहले नींद आ जाती है, वह लगभग 32 मिनट ज्यादा सोते हैं।

**अखबार में अपना लेख कहानी, कविता या किसी विभाग के खिलाफ शिकायत या सुझाव देने के इच्छुक हो तो बेझिझक होकर हमारे पास भेजे हैं जिसे प्रकाशन योग्य होने पर अवश्य प्रकाशित करेंगे। हमें इस ईमेल पर भेज सकते हैं। भेजते समय विषय अवश्य लिखें।**
**bulandsandesh@ gmail.Com**

**वैधानिक सूचना**

**पाठकों को सलाह दी जाती है कि बुलन्द संदेश दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच पड़ताल कर लें, समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।**

# चीन ने रक्षा बजट 7.2% बढ़ाया, भारत के लिए कितनी बड़ी चुनौती?



अशोक भाटिया, मुंबई

चीन का 245 बिलियन डॉलर का रक्षा बजट भारत के 79 बिलियन डॉलर से तीन गुना अधिक है, जिससे आधुनिकीकरण, रणनीतिक निवारण और सैन्य तैयारियों के बारे में चिंताएं बढ़ रही हैं। चीन ने अपने वार्षिक रक्षा बजट में 7.2% की वृद्धि की घोषणा की है, जिससे उसका आधिकारिक सैन्य व्यय बढ़कर 245 बिलियन डॉलर से अधिक हो गया है। नेशनल पीपुल्स कांग्रेस के दौरान सामने आया यह घटनाक्रम बढ़ते भू-राजनीतिक तनावों के बीच अपनी सैन्य ताकत बढ़ाने पर बीजिंग के फोकस को रेखांकित करता है।पिछले वर्ष के समान प्रतिशत वृद्धि को बनाए रखने के बावजूद, विशेषज्ञों का तर्क है कि चीन का वास्तविक सैन्य खर्च घोषित की गई राशि से काफी अधिक है। एक समाचार रिपोर्ट के अनुसार, चीन का वास्तविक रक्षा बजट आधिकारिक आंकड़ों से 40-50% अधिक हो सकता है, क्योंकि वास्तविक व्यय को छिपाने के लिए अक्सर धन को विभिन्न श्रेणियों के तहत आवंटित किया जाता है। घोषित आंकड़ों के अनुसार भी, चीन का रक्षा बजट भारत के 79 बिलियन डॉलर के आवंटन से तीन गुना अधिक है और संयुक्त राज्य अमेरिका के बाद दूसरे स्थान पर है, जिसने 2025 में सैन्य खर्च के लिए 900 बिलियन डॉलर से अधिक का बजट निर्धारित किया है। चीन की संसद नेशनल पीपुल्स कांग्रेस की बैठक में इस बढ़ोतरी की वजह बताते हुए प्रवक्ता वांग चाओ ने कहा कि सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए बजट को बढ़ाया गया है। यह आठवां साल है जब चीन में सैन्य बजट में बढ़ोतरी का ऐलान किया गया है। स्पष्ट है कि चीन भले ही बुरे आर्थिक हालातों से जूझ रहा है, लेकिन जंग के लिए खुद को तैयार कर रहा है। प्रधानमंत्री ली केकियांग का कहना है, सैन्य अभियान चलाने और युद्ध की तैयारियों को बढ़ाने के लिए रक्षा बजट में बढ़ोतरी की गई है। अमेरिका के बाद चीन डिफेंस सेक्टर में सबसे ज्यादा खर्च करने वाला देश है। 2025-2026 के लिए भारत का कुल बजट $580 बिलियन (?50.65 ट्रिलियन) है, जिसमें अनुमानित राजस्व $400 बिलियन (?34.96 ट्रिलियन) है। हालाँकि, भारत का रक्षा आवंटन सकल घरेलू उत्पाद का 1.9% बना हुआ है, जो चीन और पाकिस्तान के खिलाफ विश्वसनीय प्रतिरोध के लिए रक्षा विशेषज्ञों द्वारा सुझाए गए 2.5% से काफी कम है। रिपोर्ट के अनुसार, विश्लेषकों का तर्क है कि भारत को अपने रक्षा खर्च को सकल घरेलू उत्पाद के कम से कम 2.5% तक बढ़ाना चाहिए ताकि परिचालन संबंधी कमियों को प्रभावी ढंग से दूर किया जा सके और अपनी सेनाओं का आधुनिकीकरण किया जा सके। वर्तमान में, रक्षा बजट का एक महत्वपूर्ण हिस्सा - लगभग 75% - वेतन, पेंशन और परिचालन लागतों में चला जाता है, जिससे उन्नत सैन्य संपत्ति हासिल करने के लिए सीमित धनराशि बचती है। रक्षा बजट को बढ़ाना चीन की सोची-समझी रणनीति का हिस्सा है। वर्तमान में चीन की हथियारों को तैयार करने की क्षमता काफी ज्यादा है। हथियारों को निर्यात करने के मामले में अमेरिका, रूस और फ्रांस के बाद चीन चौथे पायदान पर है।

दुनिया की टॉप 10 हथियार कंपनियों में चीन की तीन शामिल हैं। हथियारों की ब्रिकी का रिकॉर्ड देखें तो अमेरिका की लॉकहीड मार्टिन और नॉर्थ्रप ग्रमन कॉरपोरेशन के बाद तीसरे पायदान पर चीन का नॉर्थ इंडस्ट्रीज ग्रुप कॉरपोरेशन है। डिफेंस सेक्टर में चीन के जो हालात हैं वो हमेशा से वैसे नहीं थे।

# महिला पुरस्कारों की गरिमा और निष्पक्षता पर उठते प्रश्न



प्रियंका सौरभ

हाल ही हरियाणा में महिला दिवस पर विवादित महिला का मुख्यमंत्री से सम्मान मामले ने गहरे प्रश्न सबके सामने रख दिए है। कई वर्षों से, महिला पुरस्कार मान्यता के चमकदार प्रतीक के रूप में खड़े हैं, जो उन क्षेत्रों में महिलाओं की उपलब्धियों को उजागर करते हैं जहाँ उन्हें अक्सर दरकिनार कर दिया जाता है। ये सम्मान सिर्फ. समावेशन के लिए एक प्रेरणा से कहीं ज्यादा है; इनका उद्देश्य ऐसे समाज में उत्कृष्ट उपलब्धियों को सम्मानित करना है जो अक्सर महिलाओं के योगदान को अनदेखा करता था। हालाँकि, राजनीतिक प्रभावों और बदलते सांस्कृतिक दृष्टिकोणों से चुनौती के कारण इन पुरस्कारों की अखंडता अब जोखिम में है। महिला पुरस्कारों का भविष्य समाज की निष्पक्षता, मान्यता और समावेशिता के बीच संतुलन खोजने की क्षमता पर निर्भर करता है। ऐसे में ये महत्त्वपूर्ण है कि हम आगे चलकर महिला उपलब्धियों का सम्मान कैसे करते हैं। महिला पुरस्कारों ने ऐतिहासिक रूप से विभिन्न क्षेत्रों में महिला उपलब्धियों को स्वीकार करने और सम्मानित करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

चाहे साहित्य, विज्ञान, खेल या फिल्म हो, इन पुरस्कारों ने उन क्षेत्रों में आवश्यक मान्यता प्रदान की है जहाँ महिलाओं को अक्सर चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। हालाँकि, हमारे तेजी से बदलते सामाजिक और राजनीतिक माहौल में, इन पुरस्कारों का महत्त्व और आवश्यकता जांच के दायरे में आ रही है। अतीत में, महिला पुरस्कार उन क्षेत्रों में उत्कृष्टता की कड़ी मेहनत से स्वीकारोक्ति का प्रतिनिधित्व करते थे, जहाँ अक्सर महिला प्रतिभा को अनदेखा किया जाता था। वे सिर्फ. समावेश के प्रतीक नहीं थे, बल्कि लचीलेपन, दृढ़ संकल्प और अग्रणी सफलता के प्रतीक थे। हालाँकि, आज, इन पुरस्कारों की अखंडता खोने का जोखिम है-महिलाओं की उपलब्धियों में गिरावट के कारण नहीं, बल्कि इसलिए कि उनकी मान्यता का मूल अर्थ धुंधला, राजनीतिकरण या पूरी तरह से खारिज हो रहा है। ऐसे समय में जब समावेशिता को अपनाने का दावा किया जाता है, महिला पुरस्कारों का अनूठा उद्देश्य उल्टा जोखिम में है। कुछ लोग तर्क देते हैं कि समानता के उद्देश्य वाले समाज में लिंग-विशिष्ट पुरस्कार अब मौजूद नहीं होने चाहिए। लेकिन क्या सच्ची समानता उन मंचों को खत्म करने से आती है जो कभी महिलाओं की आवाज को बुलंद करते थे? समान अवसर बनाने के बजाय, हम एक चिंताजनक प्रवृत्ति देख रहे हैं: महिलाओं के योगदान को सम्मानित करने के लिए डिजाइन किए गए पुरस्कारों का मिश्रण, पुनर्उद्देश्य या पूर्ण रूप से हटाना। आज के सांस्कृतिक परिवेश में, जहाँ प्रतिनिधित्व को अक्सर प्राथमिकता दी जाती है, कुछ पुरस्कारों ने सच्ची उपलब्धियों से ध्यान हटाकर केवल दिखावे पर ध्यान केंद्रित किया है। वास्तविक योग्यता का जश्न मनाने के बजाय, चयन समितियाँ राजनीतिक शुद्धता के साथ संरेखित विकल्प चुनने के लिए बाध्य महसूस कर रही हैं, जो पुरस्कारों की अखंडता से समझौता कर सकती हैं। यदि किसी महिला को उसकी असाधारण क्षमताओं के लिए नहीं बल्कि इसलिए सम्मानित किया जाता है क्योंकि वह किसी विशिष्ट कथा में फिट बैठती है, तो क्या वह मान्यता वास्तव में समान महत्त्व रखती है? महिला पुरस्कारों को पुराने प्रतीक या दिखावटीपन के उपकरण नहीं बनने चाहिए। उन्हें विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं की विशिष्ट चुनौतियों और सफलताओं पर प्रकाश डालना जारी रखना चाहिए। इसका उत्तर इन पुरस्कारों के महत्त्व को बढ़ाने में है-यह सुनिश्चित करना कि वे केवल एक प्रतीकात्मक इशारे के बजाय सच्ची उत्कृष्टता का प्रतिनिधित्व करते हैं। यदि हम वास्तव में महिलाओं का जश्न मनाना चाहते हैं, तो उनके पुरस्कार केवल औपचारिकता नहीं होने चाहिए। उन्हें प्रतिभा, लचीलेपन और महत्त्वपूर्ण योगदान की सही स्वीकृति के रूप में काम करना चाहिए। इसके अलावा, पुरस्कारों के बढ़ते राजनीतिकरण ने योग्यता-आधारित मान्यता की स्पष्टता को धुंधला कर दिया है।

कुछ पुरस्कार वास्तविक उत्कृष्टता पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय प्रतिनिधित्व, विविधता कोटा और प्रदर्शनकारी सक्रियता के बारे में चचाओं में फंस गए हैं। जब विजेताओं का चयन मुख्य रूप से उनकी उल्लेखनीय उपलब्धियों के बजाय अन्य कारकों के आधार पर किया जाता है, तो इससे पुरस्कारों की विश्वसनीयता कम हो जाती है। महिलाओं को ऐसे सम्मान की आवश्यकता है जो उनके कौशल और प्रभाव को दशार्ता हो, न कि केवल सांकेतिक इशारे। इन पुरस्कारों को प्रासंगिक और सम्मानित बनाए रखने के लिए, यह आवश्यक है कि वे सख्त चयन मानदंडों का पालन करें जो केवल प्रतीकात्मक कार्यों के बजाय सच्ची उपलब्धियों पर ध्यान केंद्रित करते हैं। संगठनों को इस बारे में खुला होना चाहिए कि वे अपने सम्मानित व्यक्तियों का चयन कैसे करते हैं, यह सुनिश्चित करते हुए कि मान्यता बाहरी प्रभावों के बजाय योग्यता पर आधारित हो। इसके अतिरिक्त, महिलाओं के पुरस्कारों के लिए, संस्थानों को इन विशिष्ट सम्मानों की प्रतिष्ठा बढ़ाने का लक्ष्य रखना चाहिए।

महिलाओं की उपलब्धियाँ समर्पित स्वीकृति की हकदार हैं-एक बाद की सोच के रूप में नहीं, बल्कि उनके महत्त्वपूर्ण योगदान के लिए एक उचित श्रद्धांजलि के रूप में। ऐसे समय में जब हमें प्रगति का जश्न मनाना चाहिए और उसकी रक्षा करनी चाहिए, महिला पुरस्कारों के लिए घटता सम्मान परेशान करने वाला है। यदि हम वास्तव में विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं के प्रभाव की सराहना करते हैं, तो हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि उनकी मान्यता सार्थक, विश्वसनीय हो तथा समाज में उनके योगदान की सही मायनों में प्रतिनिधित्व करती हो।

## गुरुवार का राशिफल

**मेष** — संतान के लिए कुछ कर पाएंगे, टूर ट्रैवल व्यवसाय, यात्रा से लाभ होगा, किसी नई तकनीक को सीख सकते है। भाग्य प्रतिशत-85

**वृषभ** — ज्योतिषी से सलाह लेंगे, बहुत सी चीजों पर काम करना होगा, कुछ भी हाथ से जाने ना दे, गलतफहमी होगी। भाग्य प्रतिशत-58

**मिथुन** — काम के लिए लोगों से मिलेंगे, हो सकता है लोग आपको देर से काम दे, जो भी बोले नाप तोलेकर बोले। भाग्य प्रतिशत-50

**कर्क** — किसी गुरु से अच्छी सीख मिलेगी, बनावटी रिश्तों मे फंस सकते है, वायु एवं कफ रोग सम्भव है। भाग्य प्रतिशत-54

**सिंह** — अब कुछ नया सीखने और खुद को बनाने का समय है, परिस्थिति विपरित है, धार्मिक कार्य से लाभ सम्भव है। भाग्य प्रतिशत-59

**कन्या** — प्रयास बढ़ाने होंगे,आलस्य ना करे, परिवार में किसी बात पर चर्चा करेंगे, बिजनेस प्लान बनाने का अच्छा समय है। भाग्य प्रतिशत-67

**तुला** — करियर ग्रोथ प्रभावित रहेगी, ले देकर काम चलाना पड़ सकता है, आध्यात्मिक दिशा के लिए शुभ समय है, निर्णय प्रभावित होंगे। भाग्य प्रतिशत-49

**वृश्चिक** — गुप्त शारीरिक समस्या रहेगी, अच्छी शिक्षा लेकर भी करियर में अच्छा परीणाम नहीं मिलेगा, मन दूसरे देश या शहर में बसने का होगा। भाग्य प्रतिशत-54

**धनु** — कार्य बनेंगे लेकिन रोग भी रहेगा, खर्चा आ सकता है, नौकरी या व्यवसाय में परिवर्तन दिखता है, व्यग्रता रहेगी। भाग्य प्रतिशत-55

**मकर** — आर्थिक विकास होगा, लोगों से ज्यादा मिलना जुलना नहीं चाहेंगे, प्रेम समबन्ध प्रभावित होगा, शरीर में कैल्शियम घटेगा। भाग्य प्रतिशत-50

**कुंभ** — परिवार में मिलना जुलना बढ़ेगा, अधिक लाभ के लिए गलत जगह धन ना लगा दे ध्यान रखे, तकनीकी क्षेत्र में उन्नति करेंगे। भाग्य प्रतिशत-58

**मीन** — पारिवारिक जीवन बिगड़ सकता है, कार्यक्षेत्र मे बदलाव सम्भव है, सीए, सॉफ्टवेयर, लेनदेन कार्य में मध्यम सफलता मिलेगी। भाग्य प्रतिशत-53



अशनिका शर्मा ज्योतिष।
हस्तरेखा। अंकशास्त्र। वास्तु विशेषज्ञ। मो:9568962423

# विद्यालय में दिव्यांग बच्चों की पिटाई का वीडियो वायरल, दिव्यांग बच्चों को आपबीती सुनानी भारी पड़ी, अध्यापकों द्वारा की गई पिटाई

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**


**संभल/बहजोई (दिनेश सक्सेना )।** मंडल के एक मात्र दिव्यांग बच्चों का एक विद्यालय है ,जो जनपद के थाना कुढ़ फतेहगढ़ क्षेत्र के रतनपुर-खुर्द में संचालित किया जा रहा है। सोमवार दस मार्च को विद्यालय में दिव्यांग बच्चों से मिलने के लिए बुलंद संदेश अखबार की टीम गई थी वहां स्टाफ से बात की और बच्चों से बात की जब मीडिया की टीम बच्चों से बात कर रही तो वह बच्चे टीम से लिपटकर फूट फूटकर रोने लगे और आपबीती सुनाने लगे,जब इस संबंध में स्कूल स्टाफ से बात की तो उन्होंने पल्ला झाड़ते हुए सभी आरोपों का खंडन कर दिया।
जब मीडिया द्वारा खबर को प्रकाशित किया गया तो स्कूल स्टाफ हरकत में आ गया और पूरा गुस्सा सिकायत करने बाले बच्चों पर उतार दिया और उनको जमकर पीटा, पीड़ित बच्चों ने अपनी वीडियो वायरल कर दी।

**पूर्व में लगी खबर का ब्योरा**

संभल/बहजोई जहां सरकार दिव्यांग बच्चों के लिए हर सम्भव मदद देने की कोशिश कर रही है सरकार

- **अखबारों में दिव्यांग बच्चों पर हो रहे अत्याचार की खबर हुई थी प्रकशित, खबर के बाद टूटा अध्यापकों का सब्र**
- **जनता को दिखाने के लिए, मनाया होली मिलन समारोह,किसी बच्चे के चहरे पर नहीं दिखी खुशी**
- **वायरल वीडियो की अगर सांकेतिक भाषा समझने वाले टीचर को दिखाया जाये तो खुल सकती है हकीकत**





चाहती है कि दिव्यांग बच्चों को भी सामान्य बच्चों की तरह आगे बढाया जाय, दिव्यांग बच्चे भी आत्मनिर्भर बन सके और समाज को एक मिशाल कायम कर सके, परन्तु के द्वारा जो सुविधाएं दिव्यांग बच्चों को दी जा रही है उनका उन्हें पूरा लाभ नहीं मिल रहा है।
समय-समय दिव्यांग बच्चों के बास्ते प्रोग्राम भी आयोजित किए जाते है उनका मनोबल बढ़ाने के लिए, दिव्यांग बच्चों का पूरे मंडल में एक ही स्कूल में यहा पर पढ़ने वाले बच्चों अनेकों जनपदों से आये हुए हैं उनका बस यही सपना है कि हम पड़ लिख कर कामयाब बने किसी पर बोझ नहीं।
मंडल में जनपद संभल के रतनपुर-खुर्द में के०एस०जे०हाई स्कूल आवासीय दिव्यांग विद्यालय के नाम से संचालित हो रहा है।

**विद्यालय के बच्चों ने बताई आपबीती**

जब बच्चों से जानकारी ली तो उन्होंने बताया कि हमे पेट भर भोजन नहीं दिया जाता,भोजन भी सही नहीं बनता अगर हम कुछ कहते है तो हमारी पिटाई की जाती है बच्चे आपबीती सुनाते सुनाते रो पड़े ऐसा दृश्य देखकर कोई भी अपने आशु रोक नही पा सकता , आखिर कार इन बच्चों का क्या दोष है अगर बह बोल नहीं सकते सुन नहीं सकते और देख नहीं सकते तो क्या यह उनका कसूर है।

**धनवान व्यक्ति, अधिकारी गण व अन्य व्यक्ति भी यहा पर देते है धनःसूत्र**

सूत्रों की मानें तो यह आये दिन धनवान व्यक्ति, अधिकारी गण व अन्य व्यक्ति इन बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए धन देकर जाते है,इसी के साथ साथ सरकार द्वारा बड़ी मात्रा में धन उपलब्ध कराया जाता है बडा सबाल आखिर इतने धन के बाबजूद बच्चों के साथ दुर्व्यवहार क्यों किया जा रहा है आखिर इसका कोन है जिम्मेदार।

**विद्यालय में भोजन मीनू चार्ट महज एक दिखावा**

विद्यालय में जो भोजन चार्ट चस्पा किया गया है बह के अधिकारियों को भिर्मित करने के लिए वनाया गया है,जो भोजन,नास्ता चार्ट पर लिखा है

**उस तरह का भोजन -नास्ता वहां नही बनता**

बच्चों के लिए वह भोजन दिया जाता है इसके वह हकदार नहीं और वह भी पर्याप्त मात्रा में नहीं।
अगर हम बात करे साफ सफाई की तो शौचालय गन्दे पडे रहते है और बच्चों के आवास भी गन्दे पडे थे अगर हम छात्रों के कमरों की बात करे तो दरबजे भी टूटे पड़े हैं कोई देख-रेख नहीं जबकि विद्यालय में दो रसोईया है,दो सफाई कर्मचारी व एक आया के साथ साथ क्लर्क व अध्यापक वहां मौजूद है टोटल स्टाफ 17लोगों का है इन सभी स्टाफ का भार सरकार उठा रही है और वहा मौजूद सभी बच्चों को सरकार हर सुविधा मुहैया करा रही है,उसके उपरांत वहां छात्रों के साथ भेदभाव किया जा रहा है।
अगर विद्यालय में सीसीटीवी कैमरे लगे होते तो वहां पर छात्रों के साथ जो हो रहा है वह दृश्य वो अधिकारी भी देख लेते जो यहां पर विजिट पर आते है और विद्यालय की डायरी में साफ साफ लिखकर जाते है कि व्यवस्था सही पाई गई उन्होंने कभी छात्रों की आंखों में आंखें डालकर या उनकी आपबीती बारीकी से सुनी होती।

**आखिर कोन है इन सब का जिम्मेदार**

यह छात्र जिनको इनके माता-पिता ने उनको यहां इस लिए भेजा है कि यह पढ़-लिखकर आत्मनिर्भर बन सके और अपने इस हाल पर इन्हें दुखी ना होना पडे,या फिर सरकार जो इनके उज्जवल भविष्य की मामना के साथ साथ इन्हें बह हर सुख दे रही है जिसके वह हकदार है या फिर विद्यालय स्टाफ जिनके लिए इन बच्चों की जिम्मेदारी दे रखी है या फिर इस संस्था को चलाने वाला यह अपने आप में एक बडा सवाल है कोन है जो इन छात्रों के भविष्य के साथ कर रहा है खिलवाड़ ।जब इस संबंध में वहां के स्टाफ से बात की तो उन्होंने बताया की अगर खामियां देखे तो एक भी विभाग बचेगा नहीं, खामियां यहां पर भी है और हम सुधार कर रहे है आगे सब ठीक हो जाएगा और हम कोशिश करेंगे। जो बच्चे खाने व रहने सहने की बात कर रहे है उनको घर जैसी सुविधाएं तो नही मिल सकती फिर भी हम कोशिश करेंगे।

# मिलजुल कर मनाएं सभी त्योहार : सैयद शान अली

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**चन्दौसी।** भाजपा नेता सैयद शान अली ने होली की शुभकामनाएं देते हुए सभी त्यौहारों को एकता के साथ मनाने को लेकर कहा कि हमें सभी त्यौहारों को मिलजुलकर मनाना चाहिए। होली का त्यौहार हम सब हिंदू-मुस्लिम भाई आपस में भाईचारे के साथ मनायें और आपस में खुशियां बांटे। 14 मार्च का दिन होली का दिन है और जुमा भी। उन्होंने कहा कि रमजान का मुबारक महीना भी चल रहा है, लिहाजा एक मुसलमान होने के नाते मैं सभी मुसलमानों से अपील करता हूं कि अगर गलती से होली का रंग आप पर पड़ जाऐ तो बगैर बुरा मानें मुस्कुराकर होली की शुभकामनाएं देकर आगे बढ़ जाना। अगर जानबूझकर भी आप पर कोई रंग डाल दे तो आप अपनें आका सल्लल्लाहो अलैहिवसल्लम का तसव्वुर करना क्योंकि आप उस नबी के उम्मती हैं जिन पर रोज गंदा कूड़ा कचरा डालने वाली औरत जब एक रोज कूड़ा न डाला तो आप उसकी खैरियत लेने घर पहुंच गये। उसे बीमार देखकर उसकी खिदमत की और अपने हुस्ने इखलाक से अपना असीर बना लिया। रंग पड़ जानें से न तो आपका ईमान खराब हो सकता है और न ही आपकी जिन्दगी तो माहौल को खुशगवार रखने के लिए हमें इस बात पर गौर करने की आवश्यकता है।

# एबीसी किड्स मोंटसरी स्कूल में मनाया गया धूमधाम से होली का त्योहार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**




**चंदौसी।** बुधवार को नगर के स्टेशन रोड स्थित एबीसी किड्स मोंटसरी स्कूल में धूमधाम से मनाया गया होली समारोह। इस वर्ष होली बरसाना होली के रूप में फूलों से खेली गई जिसमें रंग बिरंगे फूलों से होली खेली और सभी बच्चों ने तथा स्कूल की अध्यापिकाओं ने एक दूसरे को फूल बरसाकर तथा रंग लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। समारोह के दौरान बच्चों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर भी होली मनाई। इस दौरान स्कूल संचालिका संगीता भार्गव ने बताया कि होली प्रेम, उल्लास तथा बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। होली पर्व हमें आपसी मनमुटाव को दूर कर प्रेम ,शांति के साथ संग रहने का संदेश देता है। उन्होंने ये भी बताया की हिरण्यकशिपु की बहन होलिका को वरदान प्राप्त था कि वह आग में भस्म नहीं हो सकती। हिरण्यकशिपु ने आदेश दिया कि होलिका प्रह्लाद को गोद में लेकर आग में बैठी जिसपर पर होलिका तो जल गई, पर प्रह्लाद बच गए। ईश्वर भक्त प्रह्लाद की याद में इस दिन होली जलाई जाती है। इसी के साथ राधा कृष्ण का मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया गया और फूलो को बरसाकर बरसाना होली खेली गई ।बच्चों ने एक दूसरे पर फूल बरसाए ।सभी ने एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी तथा होली के गानों पर नृत्य किया तथा बहुत मस्ती की। उसके उपरांत बच्चों को गुजियों का वितरण कराया गया जिसमें बच्चों ने एक दूसरे के साथ बैठ कर मठरी गुजिया खाई । कार्यक्रम के दौरान नेहा, प्रिया, काजल, शिल्पा,शालू ,निशा, सिल्की,सोनल, रूपाली, मीनू, नीरज, अर्शी, श्वेता, गौरी, इशिता, याशी, स्वेता, लक्षिता, आध्या, सरिता, पारुल, सोनाली, दिया, दीपिका, संतोष, डोली, आयुषी, दीक्षा, रक्षा, आदि सभी अध्यापिकाओं का होली कार्यक्रम में पूरा सहयोग रहा ।

# होली पर हुड़दंग किया तो होगी सख्त कार्रवाई: चंदगीराम

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**शिकारपुर।** होली पर पुलिस हुड़दंग कर कानून व्यवस्था को बिगाड़ने का प्रयास करने वालों से सख्ती के साथ निपटेगी । पर्व को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए पुलिस ने पूरी तैयारी कर ली है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक चंदगीराम ने बताया कि होली के पर्व को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए पुलिस की क्षेत्र में पेनी नजर रहेगी । बाजारों में पुलिस बल की तैनाती की गई । वहीं पुलिस की पेट्रोलिंग वाहनों को गतिशील रहने के निर्देश दिए गए हैं। बताया कि हुड़दंग करने वालों पर पुलिस की नजर रहेगी। ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। आपसी प्यार एवं भाईचारे का प्रतीक होली का पर्व गुरुवार व शुक्रवार को मनाया जाएगा । होली पर शराब का सेवन कर हुड़दंग करने बालों पर नकेल कसने के लिए पुलिस प्रशासन ने भी अपनी कमर कस ली है। शराब पीकर वाहन चलाते पाए जाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने लोगों से होली के पर्व को आपसी भाईचारे सौहार्द के साथ मनाने की अपील की।

# बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक सम्पन्न

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**चंदौसी/संभल।** बुधवार को जिलाधिकारी के निदेर्शों के क्रम में बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक खण्ड विकास अधिकारी अमरजीत सिंह की अध्यक्षता में विकास खण्ड रजपुरा सभागार में संपन्न हुई। समिति की बैठक के माध्यम से सभी सचिवों को निर्देश दिये कि ग्राम पंचायत स्तर की बैठक में समस्त सदस्यों की सक्रिय सहभागिता होनी चाहिए, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाशत नहीं की जाएगी। प्रभारी बाल विकास अधिकारी राजकुमारी द्वारा किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 एवं बाल संरक्षण एवं कल्याण से जुड़ी योजनाओं के सम्बन्ध में विस्तृत रूप से बताते हुए आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के सहयोग से नियमित समीक्षा हेतु कहा। बैठक में संरक्षण अधिकारी तेजपाल यादव ने सरकार द्वारा बालकों एवं छात्राओं के हितार्थ में चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमगला योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, बाल विवाह, बाल श्रम आदि एवं विभिन्न हेल्पलाइन नंबर जैसे 1098, 181, 112, 1076 आदि हेल्पलाइन नंबर जिनका प्रयोग आपातकाल स्थिति में किया जा सकता है के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। सहायक विकास अधिकारी देवराज सिंह ने बालकों को बाल संरक्षण एवं सशक्त सरक्षणात्मक परिवेश पालन पोषण करने, बाल श्रम, बाल तस्करी बाल विवाह, परिवार की देख-रेख पाने, हिंसा व दुर्व्यवहार से बचने और सरक्षंण जैसे विषय पर चर्चा की गयी। बैठक में उपस्थित, स्वास्थ्य विभाग से डॉ. सौरभ सेंगर, शिक्षा विभाग से अरविन्द कुमार, पुलिस विभाग से (एस0आई) सत्यपाल सिंह, परामर्शदाता अरूण कुमार एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में हुआ होली मिलन समारोह का आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**




**चंदौसी।** बुधवार को नगर के बदायूँ रोड स्थित राजकीय पॉलिटेक्निक में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। संस्था में उपस्थित सभी संस्था सदस्यों ने होली पर अपने विचार रखे तथा प्रेम पूर्वक होली का त्योहार मनाए जाने का संदेश दिया। मंच का संचालन सुनील कुमार व चेतन प्रसाद सिंह द्वारा किया गया।
इस अवसर पर संस्था की वरिष्ठ सदस्य वरश्री गंगवार, व्याख्याता केमिकल ने होली पर अपने संदेश दिया होली की शुभकामनाएं एक ऐसा माध्यम बन सकती हैं जिनकी सहायता से आप अपने शुभचिंतकों के और भी समीप जा सकें। होली की शुभकामनाएं आपके मन को प्रफुल्लित करते हुए, किसी भी प्रकार की ईर्ष्या का अंत करती हैं। रंगों का त्योहार होली जीवन में नई उमंग, सकारात्मक ऊर्जा और भाईचारे का प्रतीक भी है। इस पर्व के पीछे अनेक धार्मिक और ऐतिहासिक मान्यताएँ जुड़ी हुई हैं, लेकिन पर्यावरण और समाज के दृष्टिकोण से भी इसका विशेष महत्व है। बता दें कि होली के शुभ अवसर पर हम अपनों को रंगों और खुशियों से भरी शुभकामनाएं भेजते हैं। सही मायनों में यह पर्व हमें सिखाता है कि जीवन में रंग होना कितना जरूरी है, क्योंकि यही रंग हमारे रिश्तों को जीवंत बनाते हैं। होली की शुभकामनाएं के साथ, अपने परिवार, दोस्तों और समाज के साथ प्रेम से होली मनाने की अपील की इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित रहे ।मनोज कुमार सिंह, दिनेश मोहन आर्य, कृष्णा कुमार चौरसिया, क्षितिज कुमार गुप्ता, आदित्य कुमार , हितेच्छु चंद्रा, चंद्रकांत गुप्ता , रोहित कुमार ,दिनेश कुमार, दीपक कुमार , निलय यादव , अर्पित मुद्गल , राम प्रसाद, अनीजा अब्दुल हक ,अरुण कुमार , शिवम सागर आदि ।

# पत्रकार की हत्या को लेकर पत्रकारों में आक्रोश, मुख्यमंत्री को संबोधित एसडीएम को सौपा ज्ञापन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**शिकारपुर।** ऑल इंडिया पत्रकार एकता सहायता ट्रस्ट (रजि०) संपूर्ण भारत के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र निगम के नेतृत्व में प्रदेश के सीतापुर जनपद में एक प्रतिष्ठित दैनिक अखबार के पत्रकार राघवेंद्र वाजपेई की हत्या को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उप जिला अधिकारी दीपक कुमार पाल शिकारपुर को सौपा गया । जिसमें आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई और पीड़ित परिवार के लिए मुआवजा की मांग की गई। ज्ञापन के माध्यम से मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश से मांग करी गई कि दिवंगत पत्रकार के हत्यारे को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए, जिससे भविष्य में कोई भी पत्रकार की आवाज को नए रोक सके एवं परिवार को हार्दिक मदद के साथ परिवार के एक सदस्य को नौकरी दी जाए। पत्रकारों की सुरक्षा को लेकर तत्काल दिशा निर्देश जारी करें और पत्रकार सुरक्षा अधिनियम तत्काल प्रभाव से लागू किया जाए। ज्ञापन में यह भी स्पष्ट कहा गया कि यदि इस मांगों को नहीं मांना गया तो ऑल इंडिया पत्रकार एकता सहायता ट्रस्ट संपूर्ण भारत, धरना प्रदर्शन के लिए मजबूर हो जाएगी। इस मौके पर अशोक पाठक, धर्मेंद्र निगम, अनिल मीणा, तेजवीर शर्मा, बबली अनजान, मुकेश आर्य, राजेश शर्मा, अशोक शर्मा, ललित शर्मा, शिवकुमार शर्मा आदि बड़ी संख्या में पत्रकार मौजूद रहे।

# हिंसा के बाद कड़ा सुरक्षा घेरा,त्रिनेत्र से होगी शहर की निगरानी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**संभल (सय्यद अतहर अली)।** शहर में अब रात दिन त्रिनेत्र से निगरानी होगी। किसी भी क्षेत्र में अगर कोई भी घटना घटित होती है तो कार्रवाई के लिए तुरंत पुलिस पहुंच जाएगी। प्रशासन और नगर पालिका ने शहर में सुरक्षा को लेकर बड़ा कदम उठाया है। शहर में सार्वजनिक स्थलों और संवेदनशील इलाकों में निगरानी बढ़ाने के लिए 2 करोड़ रुपये की लागत से 300 सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं। इनमें से 127 कैमरे पहले ही लगाए जा चुके हैं, जबकि बाकी कैमरे भी जल्द ही लगा दिए जाएंगे। यह पूरा प्रोजेक्ट 15वें वित्त आयोग के तहत संचालित किया जा रहा है। जामा मस्जिद में 24 नवंबर को एडवोकेट सर्वे के दौरान हुई हिंसा बाद पुलिस प्रशासन हरकत में आया। हिंसा के दौरान पथराव, फायरिंग और आगजनी की घटना को अंजाम दिया गया था। इसमें कई वाहनों और संपत्तियों को नुकसान पहुंचा था।
शहर में माहौल खराब करने की पूरी कोशिश की गई थी। पुलिस ने समय रहते हालात पर काबू पा लिया था। सुरक्षा एजेंसियों ने पहले से मौजूद सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर उपद्रवियों की पहचान की थी, जिसके बाद उन पर सख्त कार्रवाई की गई। हालांकि शहर में पहले से लगे सीसीटीवी कैमरों की संख्या सीमित थी और वे सभी क्षेत्रों को कवर नहीं कर पा रहे थे। इसी वजह से नगर पालिका और प्रशासन ने मिलकर निर्णय लिया कि सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक पुख्ता बनाने के लिए शहर में 300 नए हाई-रिजाल्यूशन कैमरे लगाए जाएंगे। अब त्रिनेत्र की मदद से शहर के हर कोने पर नजर रखी जाएगी। इससे कानून-व्यवस्था को मजबूत किया जाएगा। साथ ही किसी भी अप्रिय घटना के तुरंत बाद उपद्रवियों की पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई करना भी आसान होगा। इन नए सीसीटीवी कैमरों को शहर के महत्वपूर्ण और संवेदनशील इलाकों में लगाया जा रहा है। नखासा थाना और कोतवाली क्षेत्र खासतौर पर जामा मस्जिद के आसपास, मुहल्ला कोटगर्बी, देहली दरवाजा, खग्गू सराय, दीपा सराय, हिंदुपुरा खेड़ा, रायसत्ती, शहबाजपुर खुर्द, तुतीर्पुर इल्हा प्रमुख बाजार, बस स्टैंड के आसपास और अन्य महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्थलों पर कैमरे लगाए जा रहे हैं।
कैमरे लगाने के लिए ऐसे स्थानों का चयन किया गया है, जहां अधिक भीड़भाड़ रहती है या जहां कानून-व्यवस्था की दृष्टि से संवेदनशीलता अधिक है। इससे शहर में होने वाली हर गतिविधि पर पुलिस प्रशासन की कड़ी नजर बनी रहेगी। नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी डा. मणिभूषण तिवारी ने बताया कि इस प्रोजेक्ट के लिए 15वें वित्त आयोग के तहत धनराशि प्राप्त की है।
इस योजना का उद्देश्य शहरी क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करना और डिजिटल निगरानी प्रणाली को अपनाना है। कैमरों के रखरखाव और सुचारू संचालन के लिए भी एक विशेष टीम भी गठित की जाएगी। वहीं पहले जिन इलाकों में अंधेरा रहता था या जहां पुलिस गश्त की कमी थी, वहां अब कैमरों की मदद से चौबीसों घंटे नजर रखी जा सकेगी।

**समीक्षा** | **अलीगढ़ द्वारा रखे तथ्यों पर असंतोष प्रकट करते हुए समिति में लखनऊ में बैठक कराने के दिए निर्देश**

# यूपी विधान परिषद की जांच समिति ने शिक्षा का व्यावसायीकरण विषय पर की समीक्षा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**अलीगढ़ (मनोज चौहान)।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद शिक्षा का व्यावसायीकरण जांच समिति द्वारा सर्किट हाउस सभागार में सभापति एवं सदस्य विधान परिषद डा0 मानवेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आहुत की गई।
बैठक में समिति के सदस्य विजय बहादुर पाठक, अंगद कुमार सिंह, अविनाश सिंह चैहान, प्रो0 तारिक मंसूर, उप सचिव धनंजय सिंह के साथ ही जिलाधिकारी संजीव रजन, सीडीओ प्रखर कुमार सिंह, अपर आयुक्त एवं रजिस्ट्रार राजा महेन्द्र प्रताप राज्य विश्वविद्यालय वी0के0 सिंह, सीडीओ हाथरस सुरेश चन्द्र केसरवानी, एडीएम सिटी अमित कुमार भट्ट, एसपी क्राइम ममता कुरील, पीडी भाल चन्द त्रिपाठी, सीएमओ डा0 नीरज त्यागी, डीआईओएस डा0 सर्वदानंद, बीएसए राकेश कुमार सिंहसमेत अलीगढ़ व हाथरस के संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे। सभापति डा0 मानवेन्द्र प्रताप सिंह ने समिति के कार्य एवं उद्देश्यों की जानकारी देते हुए बताया कि हम यहां विधान परिषद के लघु सदन के रूप में यहां बैठे हैं। समिति का उद्देश्य किसी को उलाहना देना नहीं बल्कि अन्त्योदय की भावना को साकार करना है और यहां हुई बैठक के माध्यम से बहुत सारे अनुभव साझा करते हुए सभी के हित की बात निकालना है। बैठक में जनपद अलीगढ़ द्वारा रखे गए तथ्यों पर समिति के सदस्यों ने असंतोष प्रकट करते हुए कहा कि यह सारहीन हैं, इनसे समिति को कोई विवरण प्राप्त नहीं हो रहा है। सभापति ने जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि व्यक्तिगत रूप से समिति द्वारा उपलब्ध कराए गए एजेण्डा के अनुसार संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक करें और समिति से आगामी बैठक के लिए तिथि निर्धारित कराएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि समिति की बैठक लखनऊ में आयोजित की जाएगी ।सीडीओ हाथरस ने जनपद हाथरस की बिन्दुवार में बताया कि जिले में 01 राजकीय और 01 अनुदानित पॉलिटैक्निक, 13 निजी फामेर्सी, 01 राजकीय आईटीआई, 48 निजी आईटीआई एवं 01 निजी इंजीनियरिंग संस्थान है। इंजीनियरिंग एवं मैनेजमेंट कॉलेजों में पढ़ने वाले छात्रों के साथ विगत वर्षों में दुर्घटना की समीक्षा में मा0 सभापति ने निर्देशित किया कि सभी विद्यालयों में मात्र 12 रुपए में होने वाले प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना में विद्यार्थियों को पंजीकृत कराया जाए। समिति द्वारा इंजीनियरिंग, मैनेजमेंट एवं डिप्लोमा के लिए एडमीशन के समय ली जाने वाली काशन मनी धनराशि को शत-प्रतिशत वापसी के निर्देश दिए गए। विभिन्न बोर्ड द्वारा संचालित विद्यालयों के अपनी मान्यता से उच्च कक्षाओं के संचालन पर जांच कराते हुए विद्यालयों में प्रदत्त मान्यतानुसार ही कक्षाएं संचालित कराने के निर्देश दिए गए। स्कूली वाहनों के पंजीयन के समय दिए गए पते और उनके संचालन के पते की विद्यालय मैनेजमेंट कमेटी से समन्वय कर एकरूपता करने के निर्देश दिए।

# आराध्या वूमेन एंड चाइल्ड वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वावधान में मनाया होली मिलन समारोह

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**चंदौसी।** बुधवार को आराध्या वूमेन एंड चाइल्ड वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वावधान में होली मिलन समाजरोह धूमधाम से मनाया । इस अवसर पर संस्था के सदस्यों और आमंत्रित अतिथियों ने रंगों और उमंग के साथ एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था की अध्यक्ष पूनम अरोड़ा ने की। कार्यक्रम मे संस्था के सदस्य सहित अनेक समाजसेवी, गणमान्य नागरिक व सदस्यगण शामिल हुए
समारोह में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने समां बांध दिया। वन मिनट गेम्स, हाउजी, होली के पारंपरिक गीतों, नृत्य और कविता पाठ ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। फूलों की होली खेल कर सभी ने होली के आनंद को प्राप्त किया ।इस अवसर पर संस्था की ओर से समाज में महिला और बाल कल्याण हेतु किए जा रहे कार्यों की जानकारी भी साझा की गई।
संचालन कर रही सचिव डॉ दुर्गा टंडन ने कहा कि होली बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश देती है। वहीं इनसे समानता और एकता की शिक्षा भी मिलती है। होली खुशियों के साथ सावधानियों का त्योहार भी होना चाहिए। प्राकृतिक रंगों का उपयोग करके हमारी त्वचा और पर्यावरण दोनों को फायदा होगा
संस्था की अध्यक्ष पूनम अरोड़ा ने सभी उपस्थित जनों को धन्यवाद देते हुए कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार ही नहीं, बल्कि प्रेम, सौहार्द और एकता का प्रतीक भी है। इस अवसर पर सभी अतिथियों को होली की शुभकामनाओं के साथ मिष्ठान और प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान




कार्यक्रम में पूनम अरोड़ा ,दुर्गा टंडन ,अनु गांधी ,योगिता कोहली ,रेखा रस्तोगी ,मंजू गुप्ता ,प्रियंका सिंह, रीना अरोरा, बेबी मखीजा, सीमा डूडेजा ,नीलम अरोड़ा, प्रियंका वासन, आरती शर्मा, शीतल सूरी , मीनू आहूजा आदि उपस्थित रहे।

# सिंचाई खंड की बैठक : किसानों को परेशान करने वाले अधिकारियों के विरुद्ध होगी कठोर कार्रवाई : धर्मपाल सिंह

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ ( सुदेश बिश्नोई)।** सिंचाई खंड की बैठक में धर्मपाल सिंह बिश्नोई( उपाध्यक्ष सिंचाई एवं जल - संसाधन उत्तर प्रदेश शासन) ने विभाग के विभिन्न कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए उन्होंने कहा कि जो अधिकारी किसानों को परेशान कर रहे हैं उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी ।

धर्मपाल सिंह विश्नोई की अध्यक्षता में सिंचाई खंड की - बैठक नलकूप कालौनी मुरादाबाद में आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने कहा कि मान नगर ट्यूबवेल 176 एजी की पाइपलाइन का कार्य आज से शुरू हो जाएगा। तुम्हरिया - डाम से संचालित रोशनपुर नहर अफजलगढ़ खंड के





पसियापुरा के मरम्मत का कार्य एसडीओ के - ट्रांसफर के कारण रुका था। जो कि पुनः प्रारंभ हो रहा है। महमूदपुर रजबाहे का अगवानपुर कोकरपुर से गंगा नदी तक खुदाई का कार्य भी शुरू हो गया है। इससे कृषकों को बहुत लाभ होगा। नहरों में रोस्टर के अनुसार पानी दिया जा रहा है। कुलावा कटिंग आदि की कोई समस्या नहीं है। 2012-13 से निशुल्क सिंचाईं की व्यवस्था होने पर सिंचाई की समस्या भी नहीं है। सात नलकूप विद्युत दोष एवं चार यांत्रिक दोष के कारण बंद हैं। जिन्हें एक सप्ताह के अंदर ठीक कराकर चालू कर दिए जाएगें।

बैठक में अधिशासी अभियंता आशीष कुमार लाल, जिला कृषि से डीएओ अमित कुमार, एई राकेश कुमार, जितेंद्र कुमार, सहायक अभियंता कुमारी पूजा, श्रद्धा भट्ट, जेई सिचाईं कुमुद राजपूत, एई कुलदीप सिंह, एआईडी राणा मनोविन्दर सिंह, जेई दिनेश सैनी तथा आकिल अली आदि उपस्थित रहे। बैठक का संचालन अधिशासी अभियंता नीरज कुमार गुप्ता ने किया।

# मिलावट के शक में खाद्य पदार्थों के लिए 22 नमूने

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** खाद्य सुरक्षा विभाग ने मिलावट के शक में दुकानों से मावा, मैदा, काजू, किसमिस सहित 22 खाद्य पदार्थों के नमूने लिए। जांच के लिए नमूने वाराणसी स्थित लैब भेजे गए हैं। होली के त्योहार को देखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग की टीमों ने पीतलनगरी मैदा, मावा, रेलवे कॉलोनी की दुकान से मैदा, मझोला की दुकानों से काजू, किसमिस, मैदा, सूजी, ठाकुरद्वारा से घी के नमूनों को इकट्ठा किया। दलपतपुर मूंढापांडे में मैदा, मावा, बेसन के नमूने लिए। इस बारे में सहायक आयुक्त (खाद्य) राजवंश श्रीवास्तव ने बताया कि सभी नमूनों को जांच के लिए लैब भेजा जाएगा। रिपोर्ट पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी कार्रवाई करेंगे।

# सेवानिवृत्त फौजी के बेटे को गोली मारने वाला भाजपा पार्षद गिरफ्तार, तिरंगा यात्रा निकालने को लेकर हुआ था विवाद

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** सिविल लाइंस क्षेत्र की आशियाना कॉलोनी में सेवानिवृत्त फौजी के बेटे मयंक गुर्जर को गोली मारने वाले आरोपी भाजपा पार्षद अजय तोमर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसके कब्जे से अवैध पिस्टल और कारतूस बरामद किए हैं। आरोपी ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि 26 जनवरी को तिरंगा यात्रा को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ था। जिसमें मयंक ने उसके साथ गाली गलौज की थी। इसका बदला लेने के लिए उसने गोली चलाई थी। पुलिस ने इस मामले में दूसरे आरोपी की तलाश कर रही है। सिविल लाइंस क्षेत्र की हिमगिरी कॉलोनी में रहने वाले सेवानिवृत्त फौजी सुभाष गुर्जर का बेटा मयंक गुर्जर सोमवार की दोपहर करीब एक बजे सिविल लाइंस क्षेत्र की आशियाना कॉलोनी में अपनी बुआ के घर गया था। वह घर के पास



स्थित पार्क में खड़ा था। आरोप है कि इसी दौरान वहां मोरा की मिलक निवासी भाजपा पार्षद अजय तोमर अपने साथी भटावली निवासी हर्ष के साथ आ गया। उसने आते ही गाली-गलौज शुरू कर दी थी।पार्षद ने पिस्टल निकालकर उसकी बट से हमला कर दिया और इसके बाद गोली मार दी। एसपी सिटी कुमार रण विजय सिंह ने बताया कि इस मामले में अजय तोमर और हर्ष के खिलाफ केस दर्ज किया गया था। अजय को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

# 8 आठ माह से मानदेय न मिलने के कारण 435 रोजगार सेवकों, सहायक कर्मियों की "होली रहेगी बेरंग"

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** जिले में 435 रोजगार सेवकों, 15 लेखा सहायकों, 15 तकनीकी सहायकों और पांच अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारियों की होली इस बार फीकी रहने वाली है। इन कर्मचारियों को पिछले आठ महीने से मानदेय नहीं मिला है। आर्थिक तंगी के कारण कई कर्मियों का घर चलाना मुश्किल हो गया है। कई लोग कर्ज और उधारी पर गुजारा कर रहे हैं, वहीं उनके बच्चों की पढ़ाई पर भी असर पड़ रहा है। मुरादाबाद ब्लाक में कार्यरत रोजगार सेवकों को अप्रैल से और बाकी अन्य आठ ब्लाकों के कर्मचारियों को जुलाई से मानदेय नहीं मिला है।

इससे कर्मियों में भारी रोष है। कर्मचारियों का कहना है कि बार बार संबंधित अधिकारियों से मानदेय भुगतान को लेकर सवाल किए जाते हैं, लेकिन कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया जा रहा। रोजगार सेवकों का मानदेय 10 हजार रुपये, लेखा सहायकों का 13 हजार रुपये, तकनीकी सहायकों का 15 हजार रुपये और अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारियों का 34 हजार रुपये मानदेय मिलता है लेकिन, पिछले आठ महीने से मानदेय न मिलने से सभी कर्मचारी गंभीर आर्थिक संकट से गुजर रहे है। रोजगार सेवक का कहना है कि बच्चों की स्कूल फीस जमा नहीं कर पा रहे हैं। राशन तक उधार लेना पड़ रहा है।होली पर भी घर में मिठाई और नए कपड़े खरीदने की स्थिति नहीं है। इसी तरह अन्य कर्मचारियों ने भी अपनी बात का साझा करके जल्द मानदेय दिलाने की मांग की है। डीसी मनरेगा राजनाथ भगत का कहना है कि बजट नहीं मिला है। होली का हवाला देकर बजट की मांग की गई है। धनराशि मिलने के बाद ही भुगतान संभव होगा। उम्मीद है कि जल्द ही बजट मिलेगा।

# डीएम ने सफल क्रियान्वय के लिए जिलास्तरीय समिति का किया गठन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन द्वारा कृष्णांजलि नाट्यशाला में 20 मार्च को ईट राइट मेले के सफल आयोजन के लिए जिलास्तरीय आयोजन समिति का गठन किया गया है।जिलाधिकारी के निदेशों के क्रम में अपर जिलाधिकारी नगर अमित कुमार भट्ट को अध्यक्ष, सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा दीनानाथ यादव को सदस्य सचिव एवं सहायक निदेशक सूचना को सदस्य नामित किया गया है।

# प्राथमिक विद्यालय सलेमपुर में खेली गई "फूलों की होली" त्योहार हमें एकता प्रेम और भाईचारे का संदेश देते हैं: प्रियंका चौधरी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** प्राथमिक विद्यालय सलेमपुर (द्वितीय )में बुधवार को प्रभारी प्रधानाध्यापिका प्रियंका चौधरी के द्वारा छात्रों को संदेश दिया गया होली का त्यौहार हमें एकता, प्रेम, और आपसी भाईचारे का संदेश देता है, साथ ही बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है' हमारे देश के पर्व हमें हर जाति, धर्म और वर्ग के लोगों एक दूसरे के सम्मान के साथ मिलजुलकर खुशियों के साथ मनाने की सीख देते हैं'





छात्रों ने बहुत हर्ष एवं उत्साह पूर्वक फूलों की होली उत्सव एवं एवं ईद की अग्रिम शुभकामनाएं एक दूसरे को दी साथ ही विद्यालय में होली एवं ईद पर पोस्टर गतिविधि का आयोजन किया गया जिसके द्वारा छात्रों में प्रेम एवं भाईचारे की भावना को विकसित करने का प्रयास किया गया' कार्यक्रम के अंत में प्रियंका चौधरी के द्वारा बच्चों को मिष्ठान वितरित किया गया ' कार्यक्रम में शिक्षिका आसमा, पारूल चौधरी आदि का सहयोग रहा ।

# छात्रों ने कई सरकारी कार्यालय में अधिकारियों के साथ मनाई होली

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बिलारी (एम.के. भारती सैफी)।** ग्वारखेड़ा गांव स्थित वीआरडीएस इंटरनेशनल अकेडमी स्कूल के छात्रों ने स्कूल के संचालक रोहन देव सामाजिक के नेतृत्व में बुधवार दोपहर बिलारी नगर के एसडीएम कार्यालय, बिलारी कोतवाली, और नगर पालिका समिति कई सरकारी कार्यालय में जाकर कर्मचारी और अधिकारियों के साथ छात्रों ने रंग और गुलाल लगाकर होली मनाई। बिलारी कोतवाली में एसपी सोनाली मिश्रा ने छात्रों को होली की शुभकामनाएं दी तथा उनसे मन लगाकर पढ़ने का आह्वान किया। इस दौरान उन्होंने छात्रों को उपहार स्वरूप चॉकलेट भी बांटी।




# टीएमयू कैंपस में रंगों के संग मस्ती

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुरादाबाद ।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद (यूपी) के कैंपस में हजारों स्टुडेंट्स होली की मस्ती में नजर आए। टीएमयू कैंपस में स्टुडेंट्स के ग्रुप्स चेहरों से लेकर परिधान तक रंग-बिरंगे दिखाई दिए। फ्रेंडस को एक-दूसरे को पहचानना भी मुश्किल हो गया। यूं तो रंगभरी एकादशी बीत गई, लेकिन कैंपस का नजारा ऐसा था, मानो इन छात्र-छात्राओं की होली आज ही हो। दोस्तों में सेल्फी का दौर चला। सामूहिक फोटोग्राफी हुई। स्टुडेंट्स ने अपने दोस्तों को रंग और गुलाल लगाकर हैप्पी होली कहकर विदाई ली। दूसरी ओर सीसीएसआईटी और एफओई की ओर से फेस्टिवल ऑफ कलर्स-स्पेल्श में स्टुडेंट्स ने अपने हुनर के रंग दिखाए। स्टुडेंट्स ने डांस, सिंगिंग, रंगोली, लोगो डिजाइन/पोस्टर्स, पोयट्री, स्टैड अप कॉमेडी सरीखे कल्चरल इवेंट्स प्रस्तुत किए। लजीज व्यंजन से लेकर स्पोर्ट्स स्पर्धा तक के स्टाल्स लगे थे। डीन एफओई प्रो. आरके द्विवेदी की उल्लेखनीय मौजूदगी रही।



# कस्तूरबा गांधी विद्यालयों में अब तैयार होगी " खिलाड़ियों की नर्सरी"

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** शासन के निर्देश पर कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों में खिलाड़ियों की नर्सरी तैयारी की जाएगी। कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों का अब अपना एक खेल होगा। एक कस्तूरबा एक खेल के माध्यम से छात्राओं को अभ्यास कराया जाएगा। खिलाड़ियों को तैयार करने के लिए कोच भी रखा जाएगा। नए सत्र से खेल का आवंटन व छात्राओं को खेलों में अभ्यास शुरू कराने की तैयारी की जा रही है।खेलों को बढ़ावा देने के लिए शासन स्तर पर कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों के लिए एक कस्तूरबा एक खेल योजना शुरू की गई है। इस कार्यक्रम में प्रत्येक स्कूल के लिए अलग-अलग खेलों का चयन होगा। नए सत्र से खेलों की इस योजना को धरातल पर उतारने की तैयारी की जा रही है। कस्तूरबा विद्यालयों से रिपोर्ट मांगी गई है।बीएसए विमलेश कुमार ने बताया कि कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों में खेल मैदान विकसित किया जा रहा है। विद्यालयों की छात्राओं से संवाद करके उनकी अभिरुचि के अनुसार खेल तय किए जाएंगे।इस समय जिले के नौ कस्तूरबा विद्यालयों में करीब 900 छात्राएं अध्ययन कर रही हैं 'समय-समय पर होगी स्वास्थ्य की जांच:बालिकाओं के बेहतर स्वास्थ्य के लिए समय-समय पर पोषण व स्वास्थ्य जागरुकता के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसमें उन्हें उत्तम पोषण आहार की जानकारी दी जाएगी। साथ ही समय-समय पर नजदीकी अस्पताल से समन्वय स्थापित कर छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण भी कराया जाएगा। जिसमें प्रत्येक छात्रा की ऊंचाई, वजन और ब्लड ग्रुप आदि का विवरण भी रखा जाएगा। इसके अलावा बालिकाओं की खेल और पढ़ाई को लेकर काउंसिलिंग भी की जाएगी।




# पीएम श्री विद्यालयों की एक दिवसीय जनपद स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता, 400 मीटर दौड़ में "कांठ की बालिका छोटी ने मारी बाजी "

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** सोनकपुर स्टेडियम मुरादाबाद में बच्चों ने अपनी प्रतिभा से सभी का दिल जीत लिया। यहां बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से संचालित पीएमश्री विद्यालयों की एक दिवसीय जनपद स्तरीय खेलकूद वार्षिकोत्सव और सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 15 स्कूलों के 150 बच्चों ने हिस्सा लिया।

व्यक्तिगत स्पर्धा में 50 मीटर दौड़ में गौसिया ने पहला, आकांक्षा ने दूसरा और प्रतिज्ञा ने तीसरा स्थान हासिल किया। जबकि बालक वर्ग में बालक वर्ग में आरिश पहले, अल्फाज दूसरे और अनिकेत तीसरे स्थान पर रहे। 100 मीटर जूनियर वर्ग में चेतन ने पहला, रिहान ने दूसरा और आरिश ने तीसरा स्थान हासिल किया। 200 मीटर बालिका वर्ग में वंदना पहले, तैयबा आरिश ने पहला स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर बालिका वर्ग में गौसिया ने पहला, आकांक्षा ने दूसरा और स्वाति ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। दूसरे स्थान पर रहे। बालक वर्ग में आलम ने पहला, रिहान ने दूसरा और आरिश ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। 400 मी दौड़ में पीएम श्री विद्यालय कांठ की बालिका छोटी प्रथम स्थान पर रही। इस दौरान एडी बेसिक बुद्ध प्रिय सिंह, बीएसए विमलेश कुमार ने विजेता बच्चों को मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।क्षेत्रीय क्रीडा अधिकारी जितेंद्र यादव, डीसी अमित कुमार सिंह, तेजपाल सिंह, डा. हरनन्दन सिंह, रमेश चन्द्र, करतार सिंह, सत्य प्रकाश, योगराज सिंह, रविन्द्र सिंह, निधु देवल, डा. विनीत कुमार, राकेश कुमार, उदयवीर सिंह,पारुल जैन सोनी आदि मौजूद रहे ।





# स्टैटिक मजिस्ट्रेट व पर्यवेक्षक की निगरानी में होगा यूपी बोर्ड कॉपियों का मूल्यांकन, डीएम करेंगे स्टैटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** यूपी बोर्ड की परीक्षाएं बुधवार को समाप्त हो गई है । 19 मार्च से दो अप्रैल तक प्रदेश के 261 केंद्रों पर कॉपियों का मूल्यांकन कराया जाएगा। कॉपियों का मूल्यांकन स्टैटिक मजिस्ट्रेट व पर्यवेक्षक की निगरानी में किया जाएगा।

जिला स्तर पर मूल्यांकन की निगरानी के लिए पर्यवेक्षक व डीएम द्वारा हर मूल्यांकन केंद्र पर स्टैटिक मजिस्ट्रेट की नियुक्ति की जाएगी। माध्यमिक शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार ने मूल्यांकन के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा है कि मूल्यांकन कार्य से शुरू हो रहे मूल्यांकन शुरू होने के एक घंटे पहले स्टैटिक मजिस्ट्रेट को मूल्यांकन केंद्र पर अनिवार्य रूप से पहुंचना होगा। मूल्यांकन केंद्र सीसीटीवी की निगरानी में होगा। हर जिले में कंट्रोल रूम से और राज्य स्तरीय कंट्रोल रूम से इसकी निगरानी की जाएगी।

उन्होंने कहा कि मूल्यांकन में लगे शिक्षकों-कर्मचारियों को मोबाइल फोन समेत किसी तरह की इलेक्ट्रॉनिक उपकरण मूल्यांकन कक्ष में ले जाने पर प्रतिबंध होगा।




# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवको ने खेली पुष्प व गुलाल की होली

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी) ।** खड के ग्राम मोहनपुर मे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे सभी ने पुष्प तथा गुलाल से होली खेली तथा जिसमें जिला सह सम्पर्क प्रमुख आकाश शर्मा ने होली के पर्व के विषय में प्रकाश डालते हुए बताया कि होली विभिन्न जाति बंधनों को तोड़कर के आपसी सद्भाव प्रेम और एकता का प्रतीक है। जिसे हम सबको पूर्ण मनोयोग और हर्षोल्लास के साथ मनाना चाहिए। कार्यक्रम में विश्व हिन्दू परिषद जिला संगठन मंत्री ललित अग्रवाल, खंड कार्यवाह रामपाल सिंह,जिला सह संयोजक गौसेवा गतिविधी योगेश कुमार, खंड सेवा प्रमुख आकाशकुमार, खंड विधार्थी प्रमुख रोहित कुमार, सह खंड विधार्थी जगदीश कुमार, खंड सम्पर्क प्रमुख बिंदेश एडवोकेट, जिला संयोजक शिक्षक प्रकोष्ठ अमर सिंह सैनी,मडंल महामंत्री ठाकुर अरविन्द कुमार पुंडीर, नरेंद्र चैधरी, अमर सिंह सैनी, ललित कुमार, कपिल कुमार,दिनेश कश्यप,सुरेश कश्यप, विक्की सैनी, मोनू प्रजापति, कुनाल कुमार,अनिल कुमार, सलव कुमार आदि उपस्थित रहे।



**शुभारंभ** जिला पंचायत अध्यक्ष, विधायक छर्रा एवं एमएलसी ने लाभार्थियों को किया लाभान्वित

# मुख्यमंत्री ने 1890 करोड़ से प्रदेश के 1.86 करोड़ पात्र परिवारों को रसोई गैस सिलेंडर रिफिल वितरण का किया शुभारंभ

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़ ।** प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 1890 करोड़ के व्यय भार से प्रदेश के 1.86 करोड़ पात्र परिवारों को रसोई गैस सिलेंडर रिफिल वितरण अभियान का शुभारंभ प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा लखनऊ में किया गया। रसोई गैस सिलेंडर रिफिल वितरण कार्यक्रम का कलैक्ट्रेट सभागार में एलईडी स्क्रीन के माध्यम से सजीव प्रसारण भी किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष समेत अन्य जनप्रतिनिधियों के कर कमलों से स्थानीय स्तर पर 100 पात्र लाभार्थियों को प्रतीकात्मक तौर पर चैक एवं गैस सिलेंडर प्रदान किए गए।उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने होली के अवसर पर प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत राज्य के 1.86 करोड़ पात्र परिवारों को गैस सिलेंडर रिफिल के लिए 1,890 करोड़ रुपये की सब्सिडी वितरित की है। यह पहल राज्य सरकार की उस योजना का हिस्सा है, जिसके तहत उज्ज्वला लाभार्थियों को वर्ष में दो बारकृदिवाली और होली के मौके पर मुफ्त एलपीजी सिलेंडर प्रदान किए जाते हैं। इससे पहले, दिवाली के अवसर पर भी मुफ्त सिलेंडर वितरित किए गए थे, जिससे प्रदेश के गरीब परिवारों को राहत मिली है।जिला पंचायत अध्यक्ष विजय सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा महिलाओं के स्वास्थ्य की चिंता करते हुए उन्हें निःशुल्क रसोई गैस सिलेंडर प्रदान किया जा रहा है। यह उनके सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन का प्रतीक है। प्रदेश सरकार द्वारा हर प्रकार की योजनाओं में महिलाओं की भागीदारी की जा रही है।विधायक छर्रा ठा0 रवींद्र पाल सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री की दूरगामी सोच के तहत ऐसा पहली बार हो रहा है जब देशभर में करोड़ों परिवारों को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत मुफ्त में रसोई गैस कनेक्शन उपलब्ध हो सका है। उन्होंने कहा कि यदि 2016 में उज्ज्वला योजना न आई होती तो बहुत से लोग बीमारी की चपेट में आ गए होते। उज्ज्वला ने व्यक्ति ही नहीं बल्कि परिवारों के जीवन को सुरक्षित किया है। वर्तमान सरकार में बिना किसी भेदभाव के पात्र एवं जरूरतमंदों को योजना का लाभ मिल रहा है।एमएलसी चैधरी ऋषिपाल सिंह ने कहा कि पहले माताऐं, बहनें एवं बेटियां जंगल-जंगल लकड़ी बीनने पर मजबूर थीं। चूल्हा फूँकते-फूँकते आंखों एवं फेफड़ों में गंभीर रोग हो जाते थे। इस योजना ने स्वास्थ्य संवर्धन के भी कार्य किया है। एडीएम न्यायिक अखिलेश कुमार ने कहा कि उज्ज्वला का संबंध लक्ष्मी के गृह प्रवेश के साथ स्वास्थ्य से भी है। केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा कन्या के जन्म से लेकर विवाह तक की चिंता की जा रही है। खाना पकाने के लिए रसोई गैस और बीमारियों से निजात दिलाने के लिए गोल्डन कार्ड के साथ निःशुल्क राशन भी दिया जा रहा है।जिला पूर्ति अधिकारी अभिनव सिंह ने बताया कि जनपद में 03 लाख 20 हजार उज्ज्वला लाभार्थी हैं। गैस एजेंसी के माध्यम से प्रमाणीकरण कराने वाले लाभार्थियों के खाते में सब्सिडी की धनराशि पहुंच जाएगी। उन्होंने बताया कि एक उज्ज्वला लाभार्थी को राज्य सरकार द्वारा 505 रुपए 86 पैसे की सब्सिडी की राशि सीधे लाभार्थी के खाते में भेजी जा रही है। कार्यक्रम का संचालन मनोज राजपूत द्वारा किया गया।



# अपर आयुक्त ने गांवों की गन्ना बुआई का किया निरीक्षण

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** अपर गन्ना आयुक्त (समिति) एवं नोडल अधिकारी डॉ. बीबी सिंह ने भ्रमण कर जिले के दो गावों की गन्ना बुआई की प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने किसानों से बातचीत कर उनकी समस्याएं समझने की कोशिश की।अपर गन्ना आयुक्त (समितियां) एवं नोडल अधिकारी गन्ना विकास परिषद अगवानपुर के ग्राम संदलीपुर में निर्मला महिला स्वयं सहायता समूह क निरीक्षण किया। उन्होंने समूह के कार्यों की सराहना करते हुए महिलाओं को सिंडलिग उत्पादन बढ़ाने के टिप्स दिए। बताया कि महिला समूह को आवश्यक बीज, पो-ट्रे आदि मुहैया कराया जाना चाहिए।इस बीच उन्होंने कृषक प्रदीप सिंह ग्राम कुचावली के प्लॉट पर हो रही गन्ना प्रजाति 13235 के ट्रेंच विधि से गन्ना बुआई का निरीक्षण किया। इसके बाद कृषक देवेंद्र सिंह ग्राम मेहंद्री का गन्ना किस्म 16202 के सहफसली प्याज, गन्ना एवं सरसों के प्लाटों का जायजा लिया।इसी गांव के किसान देशराज सिंह के गन्ना किस्म 16202 के शरद काली पेढ़ी प्लाट में ट्रेस मल्चिंग का भी निरीक्षण किया।




आप सभी जनपदवासियों व नगरवासियों को
होलिकादहन की हार्दिक शुभकामनायें
खुशहाली से भरा रहे। होली के इस खास मौके पर आपको
और आपके परिवार को ढेरों खुशियां मिलें।
होली की हार्दिक खुशियों के रंग से भरी हो आपकी जिंदगी।
और आप हमेशा हंसते रहे। होली की हार्दिक शुभकामनाएं।
HAPPY HOLI
ज्ञानेंद्र कुमार (सहायक)
वित्त एवं लेखधिकारी समग्र शिक्षा अभियान
डॉ. राकेश सिंह
शिक्षा अधिकारी अलीगढ़


आप सभी जनपदवासियों व नगरवासियों को
होलिकादहन के महापर्व की हार्दिक शुभकानायें
रंगों की इस खूबसूरत दुनिया में आपका जीवन सदा रंगीन और
खुशहाली से भरा रहे। होली के इस खास मौके पर
आपको और आपके परिवार को ढेरों खुशियां मिलें।
होली की हार्दिक खुशियों के रंग से भरी हो आपकी जिंदगी
और आप हमेशा हंसते रहे। होली की हार्दिक शुभकामनाएं।
Happy Holi
पवन कुमार
सूचना विभाग अलीगढ़


आप सभी जनपदवासियों व नगरवासियों को
होलिकादहन की हार्दिक शुभकामनायें
होली का यह पावन पर्व सभी भेदभाव, नकारात्मकता
और द्वेष का दहन कर हर देशवासी के जीवन में खुशियाँ,
समृद्धि और रंग लाये ऐसी कामना करता हूँ।
HAPPY HOLI
आप सभी को
रंगोत्सव
की हार्दिक शुभकामनाएँ।
अमन कुमार गुप्ता (बेलोन वाले)
इंद्रा मार्केट रेलवे रोड़ अलीगढ़


राष्ट्रीय हिन्दू परिषद की ओर से
आप सभी जनपदवासियों व नगरवासियों को
होलिकादहन की
हार्दिक शुभकामनायें
कान्हा की पिचकारी,राधा का रंग
आओ प्यार के रंग से रंग दें ये दुनिया सारी
इस रंग का न है कोई जात-पात, न ही कोई बोली.
होली की ढेरों बधाई!
हिन्दू
हिन्दू युवा वाहिनी मंच
अध्यक्ष,युवा हिन्दू वाहिनी, अलिगढ़ - मंडल अध्यक्ष, राष्ट्रीय हिन्दू परिषद, अलिगढ़


आप सभी नगरवासियों व
जनपदवासियों को
HAPPY HOLI
होली महापर्व
की हार्दिक बधाई एवं ढेर सारी
शुभकामनाएं।
holi
पशु चिकित्सकों से सलाह-मशवरा करते रहें
और गायों की चिकित्सा जांच करवायें.
होली आई, ढेरों खुशियां लाई
है गुलाल की बौछार, पिचकारी की धार
अपनों का प्यार, यही है यारों होली का त्योहार.
आनंद से भरा हो आपका होली का त्योहार.
होली की ढेरों शुभकामनाएं!
Happy Holi
डॉ दिवाकर त्रिपाठी
मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी अलीगढ़


HAPPY
HOLI
30 Years of
Academic Excellence
ITS
THE EDUCATION GROUP
GHAZIABAD | Since 1995 | GREATER NOIDA
PROGRAMMES
• MANAGEMENT • I.T. • DENTISTRY • PHARMACY
• ENGINEERING • PHYSIOTHERAPY
CAMPUS ONE
BBA BCA MBA MCA PGDM
Mohan Nagar, Ghaziabad-201007
08447744041/42/43/44
itsmn@its.edu.in
admissions.mn@its.edu.in
CAMPUS TWO
BDS MDS BPT MPT B.Pharm M.Pharm D.Pharm
Murad Nagar, Ghaziabad-201206
08447753520/24/25/26 27/28/29/30
dental@its.edu.in
ihas@its.edu.in
pharmacy@its.edu.in
CAMPUS THREE
B.Tech
• CSE • ECE • ME • CE • CSE (AI & ML) • CSE (DS) • E&CE • ECE (For Working Professional)
MBA
BBA BCA BPT
46, Knowledge Park-III Greater Noida - 201310
08510010840/41/42/43
engg.gn@its.edu.in
itschws@its.edu.in
itscps@its.edu.in
CAMPUS FOUR
BDS MDS
47, Knowledge Park-III Greater Noida - 201310
07840001650/1439
dental.gn@its.edu.in
CAMPUS FIVE
Chadha Public School
Village Nangla Kumbha, PO: Sivalkhas Via Jani, Meerut - 250501
Email id : cct@its.edu.in
08192000784
website : www.its.edu.in | /ITSEducationGroup | @ITSEduGroup


आप सभी जनपदवासियों व नगरवासियों को
होलिकादहन की हार्दिक शुभकामनायें
खुशहाली से भरा रहे। होली के इस खास मौके पर आपको
और आपके परिवार को ढेरों खुशियां मिलें।
होली की हार्दिक खुशियों के रंग से भरी हो आपकी जिंदगी।
और आप हमेशा हंसते रहे। होली की हार्दिक शुभकामनाएं।
जय चावला
गुरमीत फुड एंड बेवरेज
Mob:- 9927162700 6395784816
इंडियनऑयल
श्री समीर चावला
चावला ऑयल कम्पनी
शॉप न.1ग्राउण्ड फ्लॉर मिडटाउन स्क्वायर
तमिल मंजिल मैरिस रोड़ अलीगढ़
39/B,विक्रम कॉलोनी रामघाट रोड़ अलीगढ़

सभी क्षेत्रवासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं
डा0 अमित कुमार
मां संतोषी हॉस्पिटल निकट रोड़वेज
बस अड्डा रेलवे रोड़ डिबाई

सभी क्षेत्रवासियों को होली मिलन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं
डा. आर. बी. सिंह
राज नर्सिंग होम धर्मपुर रोड़
व डिबाई रोड़ भीमपुर
दोराहा डिबाई

सभी क्षेत्रवासियों को होली मिलन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ ललित कुमार
पता: विशाल क्लीनिक
कादरी बाग नरौरा रोड़
डिबाई (बुलन्दशहर)

वीरम मीणा की ओर से सभी क्षेत्रवासियों को होली मिलन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं
वीरम मीणा
प्रधान दौलतपुर खुर्द तहसील डिबाई

SHIKSHA INTERNATIONAL SCHOOL
Affiliated to C.B.S.E, New Delhi
ADMISSION OPEN
SESSION 2025-26
Play to IXth to Xith
NO ADMISSION FEE
Mr. Neeraj Tyagi (CHAIRMAN)
NEAR NIWARI POLICE STATION, NIWARI, MODINAGAR
Contact : 7017838869, 9319921482, 9068530281
समस्त देशवासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं

आप सभी क्षेत्रवासियों को
होली के पर्व
की हार्दिक शुभकामनाएं
स्व. श्री नरेन्द्र नेहरा (बब्लू)
उदित राज नेहरा
पूर्व जिला पंचायत सदस्य व वरिष्ठ भाजपा नेता (मोदीनगर)

आप सभी को होली
की हार्दिक शुभकामनाएं
अजय ग्रोवर
प्रभारी
पश्चिमी उत्तर प्रदेश
व नगर अध्यक्ष
पंजाबी संगठन

उमेश मोदी ग्रुप की ओर से समस्त नगरवासियों, व्यापारियों, कर्मचारीगणों एंव समस्त किसान भाईयों को होली की हार्दिक शुभकामनांए
UMESH MODI GROUP MODINAGAR
उमेश कुमार मोदी
चेयरमैन एंव मैनेजिंग डायरेक्टर
मोदी इण्डस्ट्रीज लि0 मोदीनगर

Happy Holi
विद्यावती दूबे हॉस्पिटल IVF सैन्टर
बैंक कॉलोनी मोदीनगर
हर प्रकार का सस्ता इलाज अनुभवी विशेषज्ञों द्वारा
आयुष्मान कार्ड वाले मरीजों की फ्री इलाज की सुविधा उपलब्ध है
निसंतान परेशान ना हों, संतान अब सपना नहीं .... हकीकत
9319411662, 9720284801

सभी क्षेत्रवासियो को होली की हार्दिक शुभकामनाएं
सतेन्द्र गुप्ता
नगर अध्यक्ष
अंतराष्ट्रीय वैश्य संगठन व अध्यक्ष - उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल (गोविंदपुरी इकाई)

समस्त क्षेत्र वासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं
राजकुमार सांगवान जी सांसद बागपत
रणबीर दहिया (प्रदेश सचिव)

सभी क्षेत्रवासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं
शिव अग्रवाल
जिला उपाध्यक्ष - भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा (गाजियाबाद)

Happy Holi
Refreshing
SHIKANJI
Jain Shikanji
ZEERA MASALA
MASALA SHIKANJI
+919837602172
www.jainshikanji.com

समस्त क्षेत्रवासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं
स्वदेश जैन
वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष- भा.ज.पा.
प्रदेश परिषद सदस्य- भा.ज.पा.

AMIT DAIRY
Purity is our priority
HAPPY HOLI
"Pure Dairy Products & Sweets"
Raj Chopla, Govindpuri, Modinagar
Crossing Republic, Ghaziabad

सभी क्षेत्रवासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं
कालू राम धामा (चेयरमैन)
कमल इन्टर कालिज
वरिष्ठ सपा नेता, पूर्व चेयरमैन प्रत्याशी मोदीनगर

ADMOSSION OPEN
(Pre-Nurssery---XII)
GREEN LAND ACADEMY
(Affiliated to CBSC New Delhi. Modinagar)
Greenland College of Education modinagar
(B Ed,BBA,BCA,B.Com Affiliated to CCS University Meerut)
आप सभी को होली की हार्दिक शुभकामनाएं
Dr.Parmod Goel Principal
Vishal Goel Manager

सभी क्षेत्रवासियों को होली के पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं
Chhaya Public School
(Affiliated to CBSE, New Delhi)
MODINAGAR
For the last 25 years we have excelled in educational standards
50 Scholarships to Bright Students
On Completing 25
FREE ADMISSION FOR NURSERY, KG & Ist
Chairman Akhilesh Dwivedi
Administrative Officer Dr. Arun Tyagi
For Admission Enquiries Contact:
01232-244179, 9219400314 (Govindpuri)
01232-242433, 9219400312 (Raj Chopla)
MEERUT ROAD, MODINAGAR

सभी क्षेत्रवासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं
आकाश शर्मा
मोदीनगर मंडल अध्यक्ष
भारतीय जनता पार्टी

रंगो का त्यौहार होली
की हार्दिक शुभकामनाएं
अनवार खान, तहसील प्रभारी, मोदीनगर

DR. K.N. MODI FOUNDATION
MODINAGAR, GHAZIABAD (U.P.) 201204.
82 Years
आप सभी को होली की हार्दिक शुभकामनाएं!
67 COURSES | 10,000+ PLACEMENTS | 26 CAMPUSES | 1,000+ GIRLS IN HOSTEL | 250 ACRES LAND | 38,500+ STUDENTS | 800+ FACULTY | 11,000+ GIRL STUDENTS
AVAILABLE STREAMS
COURSES OFFERED
B.TECH.,(CHE, ME, EE, ECE, CE, CSE, AI)
BBA, BCA, MBA,
D.PHARM, B.PHARM, M.PHARM,
B.SC. (BIO-TECH), PARAMEDICAL
B.ED, M.ED (ONLY FOR GIRLS)
DR. K.N. MODI GLOBAL SCHOOL
Textile Branch (कपड़ा मिल) +91-8392-953-695 / 97
Organises Cutest Baby Contest for Age Group 6 months to 6 yrs
Date: 16th March 2025
Timings: 9:00 AM Onwards
• Mom & Me • Fancy Dress Competition • Dance Competition
CONTACT : +91-8859-500-790 / 91 / 92 / 93.
E-mail: admissions@knmodifoundation.com

आप सभी क्षेत्रवासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं
मनोज शर्मा
पूर्व चेयरमैन
नगर पंचायत पतला, गाजियाबाद

समस्त क्षेत्रवासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. देवेन्द्र शिवाच
डॉ. मंजू शिवाच
श्रीमति सुप्रिया सिंह
आशीष चौधरी

DELHI PUBLIC SCHOOL
MODINAGAR
(Under the aegis of The DPS Society, East of Kailash, New Delhi)
होली के रंग डीपीएस मोदीनगर के संग
होली की शुभकामनाएँ
ADMISSION OPEN
2025-26
Nursery to VIII
dpsmodinagar.edu.in
24x7 Contact - +91-9599343123
Adjacent to IDST, Delhi-Meerut Road, Kadrabad, Modinagar

समस्त क्षेत्रवासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. राजकुमार सांगवान
डॉ. मंजू शिवाच
डॉ. देवेन्द्र शिवाच

निर्वाण फाउण्डेशन
की ओर से समस्त देशवासियों को
रंगो के त्यौहार होली, हिन्दू नव वर्ष, नवरात्रों व रामनवमी की हार्दिक शुभकामनायें

# आप सभी को होली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

प्रस्तुतिः- मयंक सक्सैना 'तहसील प्रभारी'

























